●वर्ष : 16 ●अंक : 224 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08 RNI No. DELHIN/2008/23928


# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

शनिवार 07 दिसम्बर 2024



Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED



Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com


## समाचार

### कार्यक्रम में विदेश नीति में दिखे बदलावों पर हुई चर्चा



नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** भारत के प्रमुख हिंदी समाचार पोर्टल प्रभासाक्षी.कॉम की 23वीं वर्षगाँठ पर नई दिल्ली के कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में 'विचार संगम' कार्यक्रम के आयोजन में विदेश नीति में भारत की तरफ से देखे जा रहे बदलावों पर चर्चा की गई। इस परिचर्चा में एम्बेसडर जितेंद्र त्रिपाठी और रोबिन्दर सचदेव ने अपने विचार व्यक्त किए है।

भारत की विदेश नीति एम्बेसडर जितेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि कुछ वर्षों पहले तक अमेरिका भारत के बारे में कुछ नहीं जानता था। मगर अब भारत ग्लोबल पॉवर की तरफ बढ़ रहा है। ऐसे में अब भारत की बात गंभीरता से सुनी जाती है और मानी भी जाती है। अब भारत की नीति है कि सही बात करने की हिम्मत रखता है। भारत अमेरिका से लेकर रूस तक में अपनी बात को विश्वास के साथ रखता है। भारत ऐसी स्थिति में आ चुका है कि अब हमारी बात भी मानी जाती है। भारत को अब एक खेमे में बंधे रहने की जरुरत नही है।

**भारत-अमेरिका रिश्ते पर कहे ये विचार**

रोबिन्दर ने कहा कि ट्रम्प के आने से हमें अपॉर्चूयूनिटी आएगी तो फ्रिक्शन भी देखने को मिलेगा। देश अपने राष्ट्रीय लाभ को देखता है। अमेरिका वर्तमान में इम्मीग्रेंट्स को भगाने की बात कर रहा है। डोनाल्ड ट्रम्प नए कार्यकाल में कई चुनौतियां लेकर आएंगे। मगर सिर्फ चुनौतियां ही नहीं बल्कि कई अवसर भी भारत को मिलेंगे। वर्तमान में अमेरिका और चीन के बीच भी शीर्ष पर बने रहने की जंग लड़ी जा रही है। अमेरिका शीर्ष पद को छोड़ना नहीं चाहता और चीन शीर्ष बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

इस चर्चा में रोबिन्दर सचदेव ने कहा कि बांग्लादेश अब पाकिस्तान ना बन जाए। बांग्लादेश के साथ सरकार को रिश्ते बेहतर होने चाहिए मगर वो पूरा दुष्मन नहीं है। ऐसा नही मानना चाहिए। किसी संस्थान को सफल या असफल उसके कार्यकर्ता और समर्थक बनाते है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि अगर देश में से एक दिन के लिए पुलिस को हटा दिया जाए तो स्थिति क्या होगी देश की ये सोचना भी काफी मुश्किल है।

### भुवनेश्वर में न्यायिक परिसर से सांप पकड़ा गया



नूना न्यूज एजेंसी।

**ओडिशा।** की राजधानी भुवनेश्वर में नवनिर्मित न्यायिक परिसर का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा बृहस्पतिवार को उद्घाटन किए जाने से कुछ घंटे पहले वहां से दो फुट का एक सांप पकड़ा गया। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। अधिकारी ने बताया कि सांप को इमारत के मुख्य द्वार के पास एक चालक ने देखा और परिसर में अन्य लोगों को सतर्क किया। अधिकारी ने कहा कि सांप हेल्पलाइन की एक टीम मौके पर पहुंची और सांप को पकड़ा। एहतियात के तौर पर टीम ने पूरे परिसर की तलाशी भी ली।

### हिंदी के जरिए देश को मिल सकती है नई पहचान- राम निवास गोयल

नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** भारत के प्रमुख हिंदी समाचार पोर्टल प्रभासाक्षी.कॉम की 23वीं वर्षगाँठ पर नई दिल्ली के कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में 'विचार संगम' कार्यक्रम के आयोजन में राम निवास गोयल ने भी शिरकत की है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी के बिना विश्व के पटल पर उपलब्ध होना संभव नहीं है मगर हमें अपनी ही भाषा का उपयोग करना चाहिए। हाल ही में न्यूजीलैंड यात्रा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि स्थानीय लोग अब भी वहां अपनी प्राचीन भाषा मोरे में ही बात की है। उन्होंने अपनी पुरानी भाषा पर पकड़ बनाए रखी और उसे छोड़ा नहीं। ऐसे ही स्थिति होनी चाहिए। हिंदी भारत की और हमारी जन्मजात भाषा है। हिंदी भीषा समर्थ है। धीरे धीरे हम अपने हिंदी साहित्य से दूर हो गए है मगर अब इसे आगे लागे का प्रयास करना चाहिए। इन प्रयासों के लिए प्रभासाक्षी की टीम को शुभकामनाएं।

## सीएम फडणवीस ने बताई महायुति की जीत की वजह

# बोले- इसमें हिंदुत्व और जवाबी ध्रुवीकरण की अहम भूमिका

नूना न्यूज एजेंसी।

**महाराष्ट्र।** विधानसभा चुनाव में महायुति की बंपर जीत की असली वजह सामने आ गई है। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को कहा कि हाल ही में हुए चुनावों में हिंदुत्व और जवाबी ध्रुवीकरण ने महायुति की जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व और विकास एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। भाजपा हिंदुत्व जीवन जीने का तरीका सिखाता है। भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को तीसरी बार महाराष्ट्र के सीएम पद की शपथ ली थी। उन्होंने आरोप लगाया कि महाविकास अघाड़ी ने सज्जाद नोमानी जैसे लोगों के साथ समझौता किया। इसमें कहा गया था कि 2012 में मुस्लिमों के खिलाफ दर्ज दंगे के मामलों को वापस ले लिया जाएगा। फडणवीस ने कहा कि चुनाव में मतदान प्रतिशत इसलिए बढ़ा क्योंकि कांग्रेस ने हिंदुओं को दबाने की कोशिश की। जब आप किसी को दबाते हैं तो वह पूरी मजबूती से उभरकर सामने आता है। चुनाव में हिंदुत्व का अहम रोल रहा और जवाबी ध्रुवीकरण ने महायुति गठबंधन की मदद की। हमारी विकास योजनाओं और हिंदुत्व ने चुनाव में काम किया। हिंदुत्व और विकास एक सिक्के के दो पहलू हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का हिंदुत्व जीवन जीने का तरीका सिखाता है। इसका धार्मिकता से कोई संबंध नहीं है। मुस्लिमों की अलग-अलग धार्मिक मान्यताएं है। इसलिए किसी को भी हिंदुत्व के प्रति संकीर्ण सोच नहीं रखनी चाहिए। अपने कामों के जरिये पीएम मोदी ने दिखाया कि समावेशी हिंदुत्व क्या है? राहुल गांधी पर तंज कसते हुए फडणवीस ने



कहा कि जो कभी मुस्लिम वोटों के खो जाने के डर से मंदिर नहीं जाते थे, अब वे वहां खुलकर जाते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में कैबिनेट विस्तार 16 दिसंबर को नागपुर में राज्य विधानमंडल का शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले कर दिया जाएगा। यहां तीनों राजनीतिक दलों को एक जैसा सम्मान मिलेगा। पोर्टफोलिया देने को लेकर चर्चा चल रही है। इसके अलावा मैं राजनीतिक नेताओं के से बातचीत का प्रयास करुंगा जो कि 2019 से बंद है। मैं 2014 के मुकाबले काफी बदल चुका हूं।

## ज्चलंत मुद्दा

### सम्पादकीय



### भारतीय बच्चों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति चिन्ताजनक

भारतीय बच्चों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति चिन्ताजनक है। पिछले कुछ समय से स्कूली बच्चों में बढ़ती हिंसा की प्रवृत्ति निश्चित रूप से डरावनी एवं खौफनाक है। चिंता का बड़ा कारण इसलिए भी है क्योंकि जिस उम्र में बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास की नींव रखी जाती है, उसी उम्र में कई बच्चों में आक्रामकता घर करने लगी है और उनका व्यवहार हिंसक होता जा रहा है। जिस उम्र में बच्चों को पढ़ाई-लिखाई और खेलकूद में व्यस्त रहना चाहिए, उसमें उनमें बढ़ती आक्रामकता, हिंसा एवं क्रूरता एक अस्वाभाविक और परेशान करने वाली बात है। कई घटनाओं में स्कूल में पढ़ने वाले किसी बच्चे ने अपने सहपाठी पर चाकू या किसी घातक हथियार से हमला कर दिया और उसकी जान ले ली। अमेरिका की तर्ज पर भारत के बच्चों में हिंसक मानसिकता का पनपना हमारी शिक्षा, पारिवारिक एवं सामाजिक संरचना पर कई सवाल खड़े करती है। यह दुष्प्रवृत्ति बच्चों के शैक्षणिक प्रदर्शन पर तो नकारात्मक प्रभाव डाल ही रही है, इसे भविष्य में समाज की शांति के लिए बड़ा खतरा भी मानना चाहिए। राजस्थान के उदयपुर के स्कूल में दो छात्रों के आपसी विवाद में चाकू मारने से एक छात्र की मौत भी बच्चों में पनप रहे इसी हिंसक बर्ताव का घिनौना एवं घातक रूप है। बड़ा सवाल है कि जिन वजहों से बच्चों के भीतर आक्रामकता एवं हिंसा पैदा हो रही है, उससे निपटने के लिए क्या किया जा रहा है! पाठ्यक्रमों का स्वरूप, पढ़ाई-लिखाई के तौर-तरीके, बच्चों के साथ घर से लेकर स्कूलों में हो रहा व्यवहार, उनकी रोजमर्रा की गतिविधियों का दायरा, संगति, सोशल मीडिया या टीवी से लेकर उसकी सोच-समझ को प्रभावित करने वाले अन्य कारकों से तैयार होने वाली उनकी मनःस्थितियों के बारे में सरकार, समाजकर्मी एवं अभिभावक क्या समाधान खोज रहे हैं। बच्चों के व्यवहार और उनके भीतर घर करती प्रवृत्तियों पर मनोवैज्ञानिक पहलू से विचार किए बिना समस्या को कैसे दूर किया जा सकेगा? बच्चों के बस्ते की औचक जांच की व्यवस्था की अपनी अहमियत हो सकती है। मगर जरूरत इस बात की है कि बच्चों के भीतर बढ़ती हिंसा और आक्रामकता के कारणों को दूर करने को लेकर गंभीर काम किया जाए। उदयपुर की घटना के पूरे मामले की पुलिस अपने तरीके से जांच करेगी, लेकिन किशोर अवस्था में ऐसी घटना को अंजाम देने के पीछे बच्चे की मानसिकता का पता लगाना भी ज्यादा जरूरी है। तहकीकात स्कूल की व्यवस्थाओं की भी होनी चाहिए कि आखिर बच्चा स्कूल में हथियार लेकर कैसे आ गया? इसमें दो राय नहीं कि किशोरवय में राह भटकने का खतरा ज्यादा रहता है।


**SYED ZAKI HAIDER**

( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY

MOBILE NO. 9911371802

EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM


# कैश बरामदगी मामले में विपक्ष का भाजपा पर हमला

## ›› कहा- ध्यान भटकाने के लिए उठाए जा रहे हैं नए मुद्दे

नूना न्यूज एजेंसी।

**दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र में वैसे तो तमाम मुद्दों को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष एक दूसरे के खिलाफ आरोप लगा रहे हैं। लेकिन इस सब के बीच शुक्रवार को कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी को आवंटित सीट से नोटों की गड्डी मिलने के बाद जमकर बवाल हुआ है।

**›› जांच के दौरान नोटों की गड्डी बरामद**

जानकारी के मुताबिक गुरुवार को सदन की कार्यवाही खत्म होने के



बाद जांच के दौरान नोटों की गड्डी बरामद हुई है। जिसे लेकर सत्ता पक्ष के सांसदों की तरफ से जोरदार हंगामा किया गया। वहीं केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू और पीयूष गोयल ने इस मामले की जांच की बात भी कही है। जबकि विपक्ष इस मामले में सत्ता पर अहम मुद्दों से भटकाने और संसद की कार्यवाही न चलने देने का आरोप लगाया है।

**›› 'सरकार राज्यसभा में कोई चर्चा नहीं चाहती'**

इस मामले में कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि, 'यह भाजपा की रणनीति है, ध्यान भटकाने की चाल है। हम जो मुद्दे उठा रहे हैं, किसानों के मुद्दे, खुद सभापति ने उठाए हैं और ये कई बड़े मुद्दे हैं। हम चाहते हैं कि मोदी घोटाले में रिश्वतखोरी के आरोपों पर चर्चा हो। इसलिए इनसे ध्यान भटकाने के लिए वे नए मुद्दे उठाते हैं। मैंने पहली बार देखा कि आज भाजपा के सांसद सत्र स्थगित करने के लिए बहुत उत्सुक थे। हम लोकसभा में मांग कर रहे हैं कि मोदी घोटाले पर चर्चा हो, लोकसभा स्थगित की जा रही है। यह सरकार की रणनीति है कि आप लोकसभा नहीं चलने दे रहे, हम राज्यसभा नहीं चलने देंगे। सदन चलाना सरकार की जिम्मेदारी है। हम रचनात्मक सहयोग कर रहे हैं। सरकार राज्यसभा में कोई चर्चा नहीं चाहती।

## लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर डबल डेकर बस पलटी

### 6 की मौत, यात्रियों ने बताया आखिर हुआ क्या



नूना न्यूज एजेंसी।

**कन्नौज:** कन्नौज के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर आज एक दर्दनाक हादसा हुआ है। आगरा की तरफ जा रहीं एक डबल डेकर बस डिवाइडर से टकराकर पलट गई. यह हादसा सकरावा थाना क्षेत्र के औरैया बॉर्डर पर हुआ है. हादसे में कई यात्रियों के मरने के आशंका है. अभी तक सामने आई जानकारी के अनुसार 6 यात्रियों की मौत की पुष्टी हुई है. जबकि 40 से ज्यादा के घायल होने की सूचना है. घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है. जहां कुछ ही हालत गंभीर बताई जा रही है।

हादसे के समय रास्ते से ही उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह गुजर रहे थे। उन्होंने बस को पलटा देखा तो मदद के लिए आगे आए. मंत्री ने लोगों की मदद से बस में फंसे घायल लोगों को वहां से निकाला और उन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

**›› पलटने से पहले वाटर टैंक से हुई थी टक्कर**

दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद कन्नौज के एसपी अमित कुमार मौके पर पहुंचे. उन्होंने कहा कि लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर एक बस और वाटर टैंकर की टक्कर हुई है. बस लखनऊ से दिल्ली की ओर जा रही थी. उन्होंने बताया कि वाटर टैंकर के जरिए डिवाइडर के बीच में मौजूद पौधों को पानी दिया जा रहा था. बस ने पीछे से टैंकर को टक्कर मार दी।

# शंभू बॉर्डर पर किसानों और पुलिस में संग्राम





## 101 मरजीवाड़ा जत्था, जो बढ़ा दिल्ली की ओर

नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली:** 101 किसानों का एक 'जत्था' अपनी मांगों को लेकर शंभू बॉडर विरोध प्रदर्शन स्थल से दिल्ली के लिए पैदल मार्च शुरू कर चुका है. किसान आर-पार के मूड में नजर आ रहे हैं. शंभू बॉर्डर पर अपने मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे किसानों को दिल्ली में प्रवेश करने से रोक दिया गया है. जिसके बाद किसान और पुलिस वाले आमने-सामने हो गए. किसानों बैरिकेडिंग तोड़ आगे बढ़ रहे हैं. शंभू बॉर्डर पर किसानों को रोकने के लिए 7 लेयर की बैरिकेडिंग की गई थी. किसानों के कूच को देखते हुए अंबाला में इंटरनेट सर्विस को बंद कर दिया गया है. साथ ही स्कूल और कॉलेज में भी छुट्टी का ऐलान किया गया है. अंबाला जिला प्रशासन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत एक आदेश जारी किया है, जिसमें जिले में 5 या अधिक लोगों की किसी भी गैरकानूनी सभा पर रोक है. जारी आदेश के मुताबिक अगले आदेश तक पैदल, वाहन या अन्य साधनों से कोई भी जुलूस निकालने पर रोक लगा दी गयी है. किसानों की दिल्ली मार्च करने की योजना को लेकर अंबाला में पुलिस ने भी अलर्ट जारी किया और वहां सुरक्षा स्थिति का आकलन करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को सीमा पर भेजा।

**›› दिल्ली आ रहा किसानों का 'मरजीवड़ा जत्था' क्या है**

101 किसानों का जो दल कूच कर रहा है, वो मरजीवड़ा जत्था है. दरअसल जो शख्स किसी मकसद के लिए खुद को कुर्बान कर देता है. हालांकि ये किसी भी हिंसा का सहारा नहीं लेता है, उसे मरजीवड़ा कहा जाता है. बताया जाता है कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब ने मरजीवड़ा जत्था (दल) बनाया था और इसमें भाई मतीदास, सतीदास और भाई दयाला को भी शामिल किया था. 101 किसानों का यह जत्था निहत्थे और पैदल ही दिल्ली पहुंचेगा. इस जत्थे में शामिल किसानों से सहमति फॉर्म भी भरवाया गया है।

**›› आंदोलन के पीछे कौन**

इस बार किसानों का जो आंदोलन हो रहा है, उसके पीछे संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा है. किसान 26 अक्टूबर को सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन और समय पर धान खरीद सहित अपनी कई मांगों पर दबाव डालने के लिए संगरूर जिले के बदरुखा में बड़ी संख्या में जुटे हुए थे. इन विरोध प्रदर्शनों के परिणामस्वरूप पंजाब के फगवाड़ा, संगरूर, मोगा और बटाला क्षेत्रों में नेशनल हाईवे अवरुद्ध हो गए थे।

**›› किसानों का क्या प्लान**

किसान शुक्रवार दोपहर 1 बजे दिल्ली के लिए कूच करेंगे. 101 किसानों का जत्था पैदल दिल्ली की ओर चलेगा. किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने बृहस्पतिवार को कहा कि 101 किसानों का एक 'जत्था' शंभू बॉडर विरोध प्रदर्शन स्थल से शुक्रवार एक बजे दिल्ली के लिए पैदल मार्च शुरू करेगा. साथ ही किसानों ने कहा है कि अगर उन्हें बातचीत के लिए बुलाया जाएगा तो वो बात करेंगे।

**›› किसानों के जेब में गीले रुमाल**

101 किसानों के जत्थे की अगुआई सुरजीत सिंह फूल करेंगे. बलवंत सिंह बहरामके और अन्य किसान नेता भी जत्थे में शामिल रहेंगे. आंसू गैस से बचने के लिए किसान जेब में गीला रुमाल रखेंगे. किसानों को लग रहा है कि जब वो कूच करेंगे तो उन्हें रोकने के लिए हर कोशिश की जाएगी. हो सकता है इस दौरान आंसू गैस का भी इस्तेमाल किया जाए. आंसू गैस से बचने के लिए किसानों ने जेब में गीले रुमाल रखे हैं, ताकि हर हाल में उनका कारवां आगे बढ़ता रहे।


**›› कूच के लिए 6 दिसंबर क्यों**

शंभू बॉर्डर पर किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि 101 किसानों का एक 'जत्था' शंभू बॉडर विरोध प्रदर्शन स्थल से आज अपराह्न एक बजे दिल्ली के लिए पैदल मार्च शुरू करेगा. पंधेर ने कहा, "मोर्चे को चलते 297 दिन हो गए है और खनौरी बॉर्डर पर आमरण अनशन 11वें दिन में प्रवेश कर गया है. आज दोपहर 1 बजे 101 किसान-मजदूर का जत्था शंभू बॉर्डर से दिल्ली की ओर कूच करेगा।

**›› शंभू बॉर्डर पर क्या सीन**

शंभु बॉर्डर पर किसान करीब 300 दिनों से धरने पर बैठे हुए हैं. किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली ही नहीं बल्कि पैदल ही आ रहे हैं. हरियाणा में किसानों को रोकने के लिए धारा 163 लागू है. शंभू बॉर्डर और दिल्ली-जालंधर नैशनल हाईवे पर भारी पुलिस बंदोबस्त किए गए हैं. दातासिंहवाला और खनौरी बॉर्डर पर धारा 163 लगी है. 8 DSP समेत अर्धसैनिक बलों की 14 कंपनियां तैनात है. खनौरी बॉर्डर से कोई जत्था अलग से नहीं जाएगा।

# भारत के विकास की कहानी 4 पिलर्स पर आधारित- अश्विनी वैष्णव



नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** दुनिया के कई देशों इन दिनों राजनीतिक और आर्थिक उथल-पुथल का माहौल है. दो युद्ध भी चल रहे हैं. इन सबके बीच भारत की अर्थव्यवस्था तमाम चुनौतियों को पार करते हुए सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है. केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसका क्रेडिट मोदी सरकार की नीतियों को दिया है। "पूरी दुनिया उथल-पुथल में है. इनमें भारत ही बस इकलौता आशा वाला देश है." उन्होंने कहा, "भारत की विकास कहानी 4 स्तंभों पर आधारित है- इंवेस्टमेंट, इंफ्रास्ट्रक्चर, इनोवेशन और डायवर्सिटी। अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि जहां दुनिया भर में सत्ता विरोधी लहर नजर आ रही है, भारत जैसे वाइब्रेंट लोकतांत्रिक देश में पहली बार किसी सरकार को तीसरी बार चुना गया. भारत की अर्थव्यवस्था अगले 10 सालों में यह 6-8 प्रतिशत की दर से बढ़ती रहेगी. भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

**›› समावेशी विकास हमारी सबसे बड़ी मजबूती**

केंद्रीय मंत्री ने भारत की ग्रोथ स्टोरी का जिक्र करते हुए कहा, "स्विट्जरलैंड जितना रेल नेटवर्क एक साल में भारत में जुड़ गया. हम आज हर सेक्टर में ग्रोथ देख रहे हैं. समावेशी विकास हमारी सबसे बड़ी मजबूती है." उन्होंने कहा, "सोशल, फिजिकल और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर पर इन्वेस्टमेंट को बढ़ाना, मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन को बढ़ावा देना, समावेशी विकास पर निवेश और कानूनों में सुधार से भारत का विकास निर्भर करता है।

**›› भारत दुनिया का टॉप 3 स्टार्टअप इकोसिस्टम**

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 10 साल पहले ये कोई सोच नहीं सकता था कि भारत स्टार्टअप का इतना बड़ा इकोसिस्टम बनेगा. आज भारत दुनिया का टॉप 3 स्टार्टअप इकोसिस्टम है. मोबाइल फोन की मैन्युफैक्चरिंग, डिफेंस की मैन्युफैक्चरिंग तेजी से बढ़ रही है. आज आप किसी भी सेक्टर को देख लीजिए... सभी में मेक इन इंडिया का इंपैक्ट दिखेगा।


**›› आर्थिक असमानता को बारीकी से खत्म करने की जरूरत**

अश्विनी वैष्णव ने कहा, "हमारे समाज में आर्थिक असमानता 50-60 साल की नीतियों के कारण लंबे समय तक रही है. इन्हें बहुत बारीकी से समझने और सुलझाने की जरूरत है। इसलिए पीएम मोदी ने अपनी हर आर्थिक नीतियों में समावेशी विकास को एक जरूरी हिस्से के तौर पर शामिल किया है. पीएम मोदी ने ये सुनिश्चित किया कि हर आर्थिक नीति, हर पब्लिक पॉलिसी में एक समावेशिता का हिस्सा हो।

### जीएसटी क्यों बना विवाद का मुद्दा

## आर्थिक विशेषज्ञ गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने दी जानकारी

**नई दिल्ली।** भारत के प्रमुख हिंदी समाचार पोर्टल प्रभासाक्षी.कॉम की 23वीं वर्षगाँठ पर नई दिल्ली के कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में 'विचार संगम' कार्यक्रम के आयोजन में जीएसटी क्यों बना विवाद का मुद्दा विषय पर चर्चा की गई। विपक्ष जहां जीएसटी को गोबर टैक्स कहता है। एक तरफ जीएसटी को आसान टैक्स बनाने की बात कही गई थी मगर इसका जनता कई बार विरोध कर चुकी है। इस मुद्दे पर बोलते हुए प्रोफेसर गौरव कृष्ण अग्रवाल ने कहा कि जीएसटी 2016 में आया था तब इसे रेवेन्यू न्यूटरल रेट के तौर पर रखने की बात हुई थी। हाल ही में वित्त मंत्री ने संसद में रिपोर्ट रखी थी कि जीएसटी से 11.6 फीसदी रेवेन्यू आया है। देश



में इनडायरेक्ट टैक्स किसी समय में काफी अधिक था जो अब लगभग 11 फीसदी पर पहुंच गया है। इस वर्ष जीएसटी के दामों को लेकर चर्चा की गई है। लगभग 70 फीसदी टैक्स 80 लाख से अधिक आय वालों से वसूला जा रहा है। आज के समय में भारत में हर टैक्स ट्रांसपेरेंट तकनीक का उपयोगकर बनाया जा रहा है। सरकार लगातार इसमें सुधार करने की जानकारी हासिल कर रही है।

CMYK

## कांग्रेस की मांग- प्रधानमंत्री किसानों को बातचीत के लिए बुलाकर इसी संसद सत्र में एमएसपी की गारंटी का कानून पारित करें

# किसान शांतिपूर्वक दिल्ली आकर अपनी मांग रखना चाहते हैं, लेकिन उन्हें बलपूर्वक रोका जा रहा है

**>> प्रधानमंत्री मोदी के पास फिल्म देखने का वक्त है, पर किसानों से मिलने का समय नहीं–सुरजेवाला**



**नई दिल्ली।** 06 दिसंबर कांग्रेस ने शांतिपूर्ण तरीके से दिल्ली कूच कर रहे किसानों को बलपूर्वक रोके जाने को लेकर मोदी सरकार पर हमला बोला है। कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से किसानों को बातचीत के लिए बुलाकर इसी संसद सत्र में न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी का कानून पारित करने की मांग की। नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि पूरे उत्तर भारत के किसान दिल्ली कूच कर रहे हैं। 700 किसानों की शहादत के बाद मोदी सरकार ने तीन काले कानून इस वादे के साथ वापस लिए थे कि एमएसपी की गारंटी का कानून लाया जाएगा, लेकिन दो साल बीत गए। आज एक बार फिर देश के किसान दिल्ली के बॉर्डर पर बैठे हैं। किसान चाहते हैं कि वे शांतिपूर्वक दिल्ली आकर मोदी सरकार के सामने अपनी मांग रख सकें, उन्हें वादा याद दिलाएं। लेकिन अन्नदाता किसानों को बैरिकेड्स, कीलें, तारें लगाकर रोका जा रहा है। नरेंद्र मोदी के पास फिल्म देखने का वक्त है, पर किसानों से मिलने का समय नहीं है। कांग्रेस महासचिव ने कहा, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से एमएसपी की गारंटी का कानून बनाने को लेकर सवाल पूछा गया तो वह उसे सरेआम टाल गए। वहीं उनसे किसानों को कर्ज से राहत मिलने को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने इससे भी इंकार कर दिया। उन्होंने कहा, कांग्रेस की मांग है कि केंद्र सरकार बिना किसी देरी के किसानों के साथ सौहार्दपूर्ण ढंग से बातचीत करे और अपने पुराने वादे के मुताबिक फसलों की एमएसपी की कानूनी गारंटी समेत सभी मांगों को स्वीकार करने की घोषणा संसद में करे। इस दौरान सुरजेवाला ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के झूठों को भी आंकड़ों के साथ उजागर किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार और उसके कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सरकार पर्याप्त फसलें एमएसपी पर खरीद रही है। लेकिन 2023-24 में रबी फसलों को समर्थन मूल्य पर खरीदने का सच यह है कि कुल उत्पादन के मुकाबले एमएसपी पर गेहूं की खरीद सिर्फ 23.20 प्रतिशत, चना की 0.37 प्रतिशत, मसूर की 14.08 प्रतिशत, सरसों की 9.19 प्रतिशत रही। वहीं जौ और कुसुम की एमएसपी पर कोई खरीद ही नहीं की गई।

# रामसे हाउस के लिए आखरी दम तक लड़ूंगा। अमित काले



निमार्ता अमित रमेश काले

**न्यू दिल्ली।** टीवी सीरियल रामसे हाउस के निमार्ता अमित रमेश काले पिछले 25 सालों से फिल्म इंडस्ट्री में बतौर सुपरवाइजिंग प्रोड्यूसर की हैसियत से काम कर रहे हैं इन्होंने खाकी,सरकार,जुड़वा,एक और एक ग्यारह,मुन्ना भाई एम बी बी एस,नाच इत्यादि फिल्मों के निर्माण की जिम्मेदारी बखूबी निभाई है,विवादों में घिरा रामसे हाउस इनका बतौर निमार्ता पहला प्रोजेक्ट है जिसका निर्माण दूरदर्शन नेशनल के लिए किया गया है उनसे हमारे विशेष संवाददाता ने दिल्ली से मुम्बई में बातचीत की। प्र .आपने अपने पहले ही प्रोजेक्ट में चौका मार दिया, जिसमें आपने अली असगर, हेमन्त पांडेय, अमिता नागिया, शिवा रिंदानी,जाहिद शाह, कमलेश सावंत और स्वर्गीय अतुल पचौरे जैसे कलाकार और निर्देशक दीपक तुलसी रामसे, लेखक एम सलीम,छायाकार जावेद एहतेशाम,म्यूजिक डायरेक्टर अविजित दास, एसोसिएट डायरेक्टर तनु पेडणेकर जैसे महारथियों को लेकर। उ.मेरे मन में बहुत दिनों से था कि मैं फिल्म निर्माण में जाऊं,मगर समय और अवसर नहीं मिल रहा था,फिर मैं कोई छोटे बजट का काम भी नहीं करना चाहता था, मैं चाहता था जब भी कोई काम करूं वो दिव्य और विशाल हो।इसी सिलसिले में मेरे दोस्त जी हॉरर शो के लेखक एम सलीम से बात हुई उन्होंने हॉरर शो बनाने का सुझाव दिया हमने निर्देशक दीपक रामसे और क्रिएटिव प्रोड्यूसर जेड.एम शाह से संपर्क कर इस प्रोजेक्ट को मूर्त रूप दिया और एक जबरदस्त शो तैयार हो गया आपको देखकर लगेगा ही नहीं कि यह सीरियल है आपको यह फीचर फिल्म नजर आएगी। मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि यह शो दर्शकों को बहुत पसन्द आएगा क्योंकि इसमें सभी कलाकारों और टेक्नीशियनस ने अपना बेस्ट परफॉर्मेंस दिया। प्र .आपने इस धारावाहिक का निर्माण दूरदर्शन नेशनल चैनल के लिए किया था,जिसको 1 दिसम्बर को प्रसारण समय भी दे दिया गया था,अचानक विवाद के कारण दूरदर्शन ने बिना किसी सूचना के प्रोग्राम को रोक दिया। उ.यह बहुत कष्टदायक है ये प्रोग्राम पहले ही बहुत लेट हो चुका है हम इसको 2023 सितम्बर में शूट कर चुके थे दिसम्बर में इसका एडिट कंप्लीट हो गया था,हम इसको जनवरी 24 में टेलीकास्ट करना चाहते थे मगर राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के कारण प्रोग्राम स्थगित हो गया,फिर लोकसभा चुनाव की वजह से प्रसारण टल गया, दूरदर्शन ने हमे 1 दिसम्बर 2024 रात्रि 10 बजे का टेलीकास्ट समय दिया था और इसका प्रमोशन (प्रोमोज) दूरदर्शन नेशनल पर शुरू भी कर दिया था मगर टेलीकास्ट से 2 दिन पहले दूरदर्शन ने अजय देवगन की कम्पनी रील लाइफ एंटरटेनमेंट के नोटिस भेजने के बाद सारा प्रमोशन और टेलीकास्ट रोक दिया,रील लाइफ एंटरटेनमेंट का कहना है कि उन्होंने रामसे ब्रदर्स की बायोपिक के राइट्स खरीदे हुए हैं इसलिए आप रामसे हाउस नाम इस्तेमाल नहीं कर सकते।जबकी "रामसे हाउस दा फैंटेसी वर्ल्ड" पिछले 2 साल से फाल्गुनी फिल्म्स एंड टीवी एलएलपी के नाम पर वेस्टर्न इंडिया फिल्म प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन में रजिस्टर्ड है,इम्पा और फिल्म मेकर्स कंबाइन ने भी हमे यह नाम यूज करने की परमिशन दे दी है,फिर अजय देवगन एंड रील लाइफ एंटरटेनमेंट क्यों आपत्ति उठा रहे हैं यह बात हमारी समझ से परे है,हम 23 एपिसोड्स शूट कर चुके हैं जिसमें हमारा करोड़ों रुपया लग चुका है यदि प्रोग्राम जल्दी टेलीकास्ट नहीं होता है तो हमें भारी आर्थिक नुकसान हो जाएगा, हमने धारावाहिक रामसे हाउस को खून पसीने से सींचा है।मैं रामसे हाउस के लिए आखिरी दम तक लड़ूंगा,मैं बहुत अधिक तनाव में हूं मेरी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है मेरा दूरदर्शन डीजी साहिबा से विन्रम निवेदन है कि वो शीघ्र अति शीघ्र रामसे हाउस को टेलीकास्ट करने का समय प्रदान करें।

## भाजपा-आरएसएस देश के सबसे बड़े टुकड़े-टुकड़े गैंग- कांग्रेस

# कांग्रेस ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को भाजपा द्वारा देशद्रोही कहे जाने की कड़ी निंदा की

**>> देश के मजदूरों, किसानों, महिलाओं, दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों की आवाज उठाने वाले राहुल गांधी को भाजपा देशद्रोही कह रही**

**>> कहा– राहुल के परिवार का बलिदानी खून भारत माता की रगों में दौड़ रहा**



**नई दिल्ली।** 06 दिसंबर कांग्रेस ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को भाजपा द्वारा देशद्रोही कहे जाने पर तीखा पलटवार करते हुए भाजपा-आरएसएस को असली 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' बताया है। कांग्रेस प्रवक्ता रागिनी नायक ने कहा कि देशद्रोह भाजपा-आरएसएस के डीएनए में है। नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए कांग्रेस प्रवक्ता रागिनी नायक ने कहा कि कांग्रेस देश की सबसे पुरानी पार्टी है और राहुल गांधी इस देश के नेता विपक्ष हैं। वह कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और पांच बार के चुने हुए सांसद हैं। राहुल गांधी देश के लिए शहीद होने वाली पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी जी के पोते और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी जी के बेटे हैं। राहुल गांधी के परिवार का बलिदानी खून आज भारत माता की रगों में भी दौड़ रहा है, इस देश की मिट्टी को सींचने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा, भाजपा की राहुल गांधी जी को देशद्रोही कहने की हिम्मत कैसे हुई। भाजपा इतनी निर्लज्जता कहां से लाती है, यह देश की जनता जानना चाहती है। कांग्रेस प्रवक्ता ने याद दिलाया कि भाजपा के पूर्वजों ने अंग्रेजों से माफी मांगी थी और उनके मुखबिर के रूप में काम किया था। रागिनी नायक ने आरोप लगाया कि भाजपा अंग्रेजों की 'फूट डालो और राज करो' की नीति पर चल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा और आरएसएस देश का सबसे बड़ा टुकड़े-टुकड़े गैंग है, जो लोगों को बांटने, सांप्रदायिकता और नफरत फैलाने और एक पूरे समुदाय को बदनाम करने का प्रयास कर रहा है। 'कटेंगे तो बटेंगे' जैसे विभाजनकारी नारे दिए जा रहे हैं। ऐसे में राहुल गांधी ने देश के एक कोने से दूसरे कोने तक यात्राएं निकालीं, जिनका उद्देश्य मोहब्बत से भारत को जोड़ना था। राहुल गांधी देश के मजदूरों, किसानों, महिलाओं, दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों की आवाज उठाते हैं, उनके हक की लड़ाई लड़ते हैं। उस व्यक्ति को भाजपा देशद्रोही कहती है। राहुल गांधी जनता के मुद्दों को उठा रहें हैं और आगे भी उठाते रहेंगे। वे भाजपा की धमकियों और आरोपों से डरने वाले नहीं हैं।

## भारतरत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस 06 दिसंबर, 2024 को आईटीपीओ कार्यालय में श्रद्धा सुमन अर्पित किए।



**दिल्ली।** आईटीपीओ एस/एसटी एम्पलाई वेलफेयर एसोसिएशन (पंजीकृत), द्वारा भारतरत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर आज दिनांक 06 दिसंबर, 2024 को इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन, भारत मंडपम, दिल्ली के मुख्यालय में उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये गए। इस अवसर पर श्री प्रदीप सिंह खरोला, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, आईटीपीओ एवं आईटीपीओ के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भी भारतरत्न, बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# कांग्रेस ने दिल्ली न्याय यात्रा के दौरान पुनर्वास कॉलोनियों के निवासियों को मालिकाना हक का आश्वासन दिया

नई दिल्ली, दिसम्बर : दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने घोषणा की कांग्रेस पार्टी दिल्ली की जनता के सहयोग और समर्थन से 2025 में सत्ता में आने के बाद दिल्ली की पुनर्वास कालोनी के लाखों लोगों को मालिकाना हक देने का काम करेगी, जो उनका अधिकार है। आम आदमी पार्टी और भाजपा की अनदेखी और निष्क्रियता के चलते दशकां से पुनर्वास कालोनियों में रह रहे लोग दयनीय परिस्थितियों में जीने को मजबूर है, कांग्रेस इन गरीब लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए क्रांतिकारी कदम उठाएगी। देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली न्याय यात्रा के दौरान लोगों की पीड़ा सुनने और दिल्ली की पुनर्वासित कॉलोनियों की दयनीय हालात खुद देखने के बाद महसूस हुआ कि गरीब लोग नकरीय जीवन जी रहे है, जबकि लोकतंत्र में सबको बराबर अधिकार है। उन्होंने कहा कि पुनर्वास कालोनियों में रहने वाले लोग मूल सुविधाओं तक के लिए तरस रहे है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा पुनर्वासित कालोनियां के लोग मालिकाना हक मिलने के बाद यहां खरीद फरोख्त कर सकते है। इसके बाद यहां लोन भी आसानी मिलेगा, इन सभी नीति कानूनों को कांग्रेस नियमानुसार लागू भी करेगी। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा और शादी ब्याह कराने में मालिकाना हक होने पर लोन भी मिल सकेगा। कांग्रेस गरीब बस्तियों के बच्चों के लिए शिक्षा के बेहतर सुविधाएं मुहैया कराऐगी और नजदीक स्कूल भी खोलने के लिए योजना तैयार करेगी।

# ऊर्जा दक्षता बढ़ाने के लिए सौर ऊर्जा संयंत्र का विकास, कार्यशील पूंजी चक्र को सुधारने पर फोकस

नई दिल्ली, दिसम्बर : मनकसिया कोटेड मेटल्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 134.55 करोड़ जुटाने के लिए तरजीही वारंट जारी करने की मंजूरी की घोषणा की है। 2 दिसंबर को निदेशक मंडल की बैठक में 65 प्रति वारंट की दर से दो करोड़ सात लाख वारंट जारी करने को स्वीकृति दी गई। यह धनराशि कंपनी की उत्पादन क्षमता में विस्तार और प्रौद्योगिकी उन्नयन परियोजनाओं के लिए उपयोग की जाएगी। कंपनी एलु-जिंक कोटेड स्टील की उत्पादन क्षमता एक लाख बत्तीस हजार एमटीपीए से बढ़ाकर एक लाख अस्सी हजार एमटीपीए करेगी, जिससे उत्पादन और राजस्व में 36 फिसदी वृद्धि होगी। इसके अतिरिक्त, नई स्टील कॉइल कोटिंग लाइन में निवेश से प्री-पेंटेड स्टील की क्षमता 86 हजार एमटीपीए से बढ़ाकर दो लाख छत्तीस हजार एमटीपीए की जाएगी। कार्यशील पूंजी चक्र को सुव्यवस्थित करने और एक कैप्टिव सोलर पावर प्लांट के चरणबद्ध विकास से ऊर्जा दक्षता बढ़ेगी और दीर्घकालिक लागत घटेगी। कंपनी के पूर्णकालिक निदेशक, करण अग्रवाल ने कहा कि यह विस्तार उच्च मूल्यवर्धित उत्पादों की ओर बढ़ने में मदद करेगा, साथ ही उत्पादन क्षमता और लाभप्रदता को भी बढ़ाएगा। बढ़ी हुई क्षमता और टिकाऊ ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित करते हुए, कंपनी बाजार की मांग को पूरा करने, परिचालन में सुधार और पर्यावरणीय योगदान के लिए प्रतिबद्ध है।

## बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए: केजरीवाल



**दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। केजरीवाल ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शाहदरा, जनकपुरी, लक्ष्मी नगर और अन्य सीट पर हजारों मतदाताओं के नाम हटाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग में आवेदन दाखिल किए हैं। उन्होंने कहा, भाजपा ने शाहदरा क्षेत्र में 11,018 मतदाताओं के नाम हटाने के लिए आवेदन किया है। जब हमने 500 नामों संबंधी आवेदन की समीक्षा की तो पता चला कि 75 प्रतिशत लोग अब भी वहां रह रहे हैं लेकिन उनके नाम मतदाता सूची से हटाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में शाहदरा विधानसभा सीट पर ह्यआप ने करीब 5,000 मतों से जीत हासिल की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि अब उस निर्वाचन क्षेत्र में करीब 11,000 मतदाताओं के नाम हटाए जा रहे हैं और इनमें से अधिकतर मतदाता आप समर्थक हैं। केजरीवाल ने निर्वाचन आयोग से शाम तक सभी आवेदनों को अपनी वेबसाइट पर अपलोड करने का आग्रह किया ताकि पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।

# पुराने रिवाजों से परे, सच्चे व्यक्तित्व को अपनाने की प्रेरणा

नई दिल्ली, दिसम्बर : ब्लैकबेरीज ने अपने नए कैंपेन बीइंग रियल सूट्स यू के साथ अपनी पहचान में नई ऊर्जा भरने की तैयारी कर ली है। भारत के फिट एक्सपर्ट के रूप में विख्यात यह ब्रांड तीन दशकों से भारतीय पुरुषों को बेहतरीन कारीगरी से तैयार किए गए सूट, वेडिंग एवं फेस्टिव वियर और कैजुअल वियर उपलब्ध करा रहा है। अपने नए कैंपेन के माध्यम से ब्लैकबेरीज एक नए युग की शुरूआत कर रहा है, जिसकी शुरूआत वेडिंग कलेक्शन से होगी। यह कलेक्शन आधुनिक, आत्मविश्वासी, और बड़े सपने देखने वाले भारतीय पुरुषों का प्रतीक है। ये वे पुरुष हैं जो न केवल बदलाव लाते हैं बल्कि दूसरों को भी सच्चे स्वरूप को अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं।



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दिल्ली न्याय यात्रा के अंतिम पड़ाव में 28वें दिन मंगोल पुरी विधानसभा के बी ब्लाक बस स्टैंड, ओल्ड पुलिस चौक से शुरू की।(सईद अहमद)

## दिल्ली में एनओ 2 का स्तर बढ़ने से अस्पताल जाने के मामले बढ़े: नड्डा



**दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा दिल्ली में पांच स्थानों पर किए गए एक अध्ययन में पता चला है कि नाइट्रोजन डाईऑक्साइड (एनओ2) जैसे यौगिकों के स्तर में वृद्धि के साथ लोगों को सांस लेने में घरघराहट पैदा होने तथा आपात स्थिति में अस्पताल जाने के मामलों में वृद्धि देखी गई है। उन्होंने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। मंत्री पे कहा कि सरकार ने वायु प्रदूषण पर एक स्वास्थ्य परामर्श जारी किया है और वायु प्रदूषण के मुद्दों के समाधान के लिए कई कदम भी उठाए हैं। नड्डा ने कहा कि भारत सरकार ने 1,561 प्रेशर स्विंग एड्शॉर्पशन (पीएसए) ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्रों को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि देश में पीएम केयर्स फंड के तहत 1,225 पीएसए संयंत्रलगाए गए हैं। उनका कहना था कि इसके अतिरिक्त, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, बिजली, कोयला, रेल मंत्रालयों के तहत आने वाले सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा अब तक 336 पीएसए संयंत्र स्थापित किए गए हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों के मुद्दों को केंद्र में रखा है : धनखड़



**दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों के मुद्दों को केंद्र में रखा है। धनखड़ ने उच्च सदन में कहा कि प्रधानमंत्री ने किसानों के मुद्दों को जीवन के हर क्षेत्र में केंद्र में रखा है, चाहे उन्हें किफायती आवास उपलब्ध कराना हो, सौर ऊजाहो या किसानों को प्रौद्योगिकी उपलब्ध कराना हो। उन्होंने कहा, इसलिए हमारी उम्मीदें बहुत अधिक हैं। यह ऐसा समय है जब किसानों को और अधिक ऊंचाई पर ले जाने के लिए सभी को एक साथ आना होगा। धनखड़ ने कहा, इसलिए मुझे कोई संदेह नहीं है कि इस समय जो कुछ किया जा रहा है, उसे और गति मिलेगी तथा सभी एजेंसियां ??एक साथ आ रही हैं। हमारी उम्मीदें बहुत अधिक हैं, लेकिन हमारी उपलब्धियां भी ऐतिहासिक हैं; हमारी उपलब्धियां भी शानदार हैं, और यह देश के लिए बहुत उपयोगी साबित होंगी। इससे पहले, किसानों के मुद्दों पर सभापति की हालिया चिंता पर गौर करते हुए जनता दल (एस) के नेता एवं पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा ने कहा, आप किसानों के बारे में इतना बोलते हैं; कल ... कृषक समुदायों के मुद्दे पर। आप किसानों को लेकर बहुत चिंतित हैं। मैं भी एक किसान हूं, सर। हाल ही में, धनखड़ ने किसानों की चुनौतियों को लेकर चिंता जताई थी।

# —— अब तो जाग जाओ——

**- डॉ.जया शुक्ला**

देश के किसान एक बार फिर सड़कों पर हैं। वे सरकार के सामने अपनी बात रखना चाहते हैं, सरकार से अपनी मेहनत का हक मांगना चाहते हैं, यह इन नागरिकोंका वाजिब हक है। बारबार के वादों के बावजूद इस साल भी रबी की फसल के पीक मौसममें भी किसान खाद तक के लिये या तो लाइनोंमें खड़े अन्तहीन इन्तजार करते रह गये, या इधर उधर भटकते रहे। न्यूनतम मूल्य तक सरकारी बाबुओं की दीर्घ निद्रा के चलते न घोषित हुआ, न पुराने मूल्य ही मिले; मजबूरी में आधेपौने दामों पर उपज बेची गई, क्योंकि सरकारी नींद टूटने के इन्तजार तक उपज अपने को बचा तो नहीं सकती! वे अपनी फसल के उचित न्यूनतम मूल्य की कानूनी गारन्टी चाहते हैं। अहिंसापूर्वक आन्दोलन करने पर भी बैरिकेड्स लगाये गए, फसल उगानेवालों की राह में डेढ़डेढ़ फीट की कीलें बोई गयीं। निरीह और निर्दोष 700 किसानों की शहादत भी इस अंधी-बहरी सरकार की न आँखें खोल पाई, न हृदय, न जमीर। इस वर्ष भी बातचीत के नामसे धोखा देकर 163 किसानों को कैद कर लिया गया, जो इस सरकार की नई कार्यपद्धति है। उन्हें न तो जल रहा मणिपुर ही दीखता है, न सीमावर्ती लद्दाख से उपवास से उठकर पैदल आये सोनम वांगचुक और साथी, न किसान। बस इन्हें या तो लाठी-गोली चलाना आता है जैसा किसानों के साथ हो चुका है, या गिरफ़्तार / नजरबन्द कर लेना और अन्य लोगों से मिलने नहीं देना जैसा सोनम वांगचुक के साथ हुआ, या फिर तूफान आते देख शुतुर्मुर्ग की तरह आँखें बन्द कर लेना, जैसा मणिपुर के साथ किये जा रहे हैं, यद्यपि देखना बन्द करदेने से तूफान रुक तो नहीं जाता। इनके नहीं देखने पर भी बात छिपती तो नहीं, पूरा देश देखता है। भय लगता है, कहीं सचमुच तूफान न आ जाये। किन्तु क्या किसानों के न रहने पर देश चल पायेगा? यही हमारे देश की रीढ़की हड्डी हैं, भारत कृषिप्रधान देश है। साथ ही हमारी दीवालिया कीजाती हुई अर्थव्यवस्था में इतनी ताकत तो नहीं कि कुछ अमीर देशों की तरह बाहर से अन्न खरीद कर खाते रहें ! आखिर कब तक किसानों की आत्महत्याओं को अनदेखा करेंगे? देश की अधिकतम आबादी अभी भी ग्रामवासिनी और कृषि पर निर्भर है। उल्टीपल्टी गलत नीतियों के चलते ग्रामीण अर्थ व्यवस्था और ग्रामीण उद्योग बन्द हो चुके हैं। बहुत बड़ी संख्या में ग्रामीण केवल शहरों में जाकर मजदूरी करने को मजबूर हैं, बस केवल कृषि बची है। क्या अभी भी सरकार के जागने का समय नहीं आया है।

# भाजपा की सोच समाज विरोधी है: कमाल अख्तर



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** शुक्रवार को समाजवादी पार्टी विधायक काँठ पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर ने संविधान निमार्ता, युग प्रवर्तक, बोधिसत्व भारत रत्न, बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर समाजवादी पार्टी कैम्प कार्यालय हसनपुर में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया, जिसमें उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनको भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई, श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए विधायक काँठ पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख़्तर ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए उनके बताये गये मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हुए कहा बाबा साहब ने जो संविधान लिखा आज हम सभी उसका पालन करते हैं। सभी को चाहिए कि संविधान का आदर व सम्मान करें। ,डा.आंबेडकर ने शिक्षित हो, संगठित हो, संघर्ष करो का नारा दिया था, वह समता मूलक समाज की स्थापना चाहते थे, भाजपा डॉ. भीमराव अंबेडकर के संविधान को बदलना चाहती है, धार्मिक उन्माद फैलाकर लोगों की भावनाओं से खेला जा रहा है समाज को पिछड़ों, दलितों एवं अल्पसंख्यक वर्ग में बांटकर तोड़ा जा रहा है, लेकिन समाजवादी पार्टी कभी भी दलितों की आवाज को दबाने नहीं देगी और ना ही संविधान में किसी भी तरह का बदलाव होने देगी, भाजपा पर हमला बोलते हुए विधायक काँठ पूर्व कैबिनेट मंत्री माननीय कमाल अख़्तर ने कहा कि जिनकी मंशा अमन-चैन बिगाड़ना है, उनका मकसद विकास नहीं हो सकता है। भाजपा की सोच विकास विरोधी है। महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर है। प्रदेश में लूट चल रही है। संविधान की शपथ लेने के बाद भी भेदभावपूर्ण ढंग से कार्य कर रहे हैं। अपनी कुर्सी को बचाने के लिए उत्तर प्रदेश और देश की जनता को धोखा दे रहे है। प्रदेश में विकास कार्य ठप हैं। नौजवानों को नौकरी, रोजगार नहीं मिल रहा है। महिलाएं सुरक्षित नहीं है। किसानों को खाद और बीज नहीं मिल रहा है। इस मौके पर मुख्य रूप से , चन्द्रपाल सैनी, पूर्व विधायक प्रीतमसिंह, कैसर परवेज, फारूक प्रधान, अकील प्रधान, जोगेंद्र खड़गवंशी , शाहनवाज अंसारी, जाकिर प्रधान, बदर कुरैशी, मनोज त्यागी, मिंटू जाटव, अंशु त्यागी, जफर जुरीद, रूबी कौसर, विक्की अब्बासी आदि सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अंबेडकर विकास मंच ने बाबा साहब के परिनिर्वाण दिवस पर किए पुष्प अर्पित



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** शुक्रवार को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की पुण्यतिथि पर अंबेडकर विकास मंच के कार्यकताओं ने नगर के अंबेडकर पार्क पर पहुंचकर बाबा साहब की मूर्ति के समुख पुष्प अर्पित किए, इस मौके पर अंबेडकर विकास मंच के अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य ने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी का 6 दिसंबर को परिनिर्वाण दिवस/पुण्य तिथि मनाई जाती है इस दिन अंबेडकर जी को पूरे देश में लोग याद करते हैं और उनको पुष्पांजलि अर्पित करते हैं, बाबा साहब ने हमें संविधान के द्वारा बहुत बड़ी ताकत दी है तथा समाज के लोग पढ़े लिखे और संघर्ष करें, इस मौके मुख्य रूप से अंबेडकर विकास मंच के अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य, सुशील भगत जी उपाध्यक्ष, बृजपाल सिंह सदस्य, जगबीर सिंह मौर्य, अतर सिंह नेताजी, मास्टर रामपाल सिंह, चंचल सागर, निशा सागर, ललिता देवी, प्रधान ब्रज किशोर उर्फ बिरजू, पूर्व प्रधान नरेंद्र सिंह, कमल कुमार उर्फ गुड्डू, मास्टर दिनेश कुमार, रितेश कुमार बाबू, उमेश कुमार उर्फ मुखिया, संजय कुमार, हाजी मसरूर आदि सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# विश्व हिंदू परिषद ने 6 दिसंबर को शौर्य दिवस के रूप में मनाया



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद एवं अन्य हिंदू संगठनों द्वारा 6 दिसंबर को शौर्य दिवस के रूप में मनाते हुए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें शुक्रवार 6 दिसंबर को विश्व हिंदू परिषद हसनपुर के अध्यक्ष मोहित अग्रवाल के नेतृत्व में हसनपुर शिवाला मंदिर पर भगवान श्री राम जी की आरती एवं भजन कर शौर्य दिवस मनाया। एवं अयोध्या में राम मंदिर आंदोलन में बलिदान हुए कार सेवकों को याद करते हुए 2 मिनट का मौन धारण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल ,बजरंग दल संयोजक राहुल हिंदुस्तानी, नगर मंत्री अमित शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, मनोज कौशिक, अनुराग शर्मा, अनिल शर्मा, दिव्यांश अग्रवाल, अंकुर कुमार राजा, विपिन हिंदुस्तानी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चालक दीपक जी,वरुण अग्रवाल,सतबीर गिरी, पप्पू गिरी, महेश शर्मा, गिरजा शंकर बंसल आदि सहित दर्जनों राम भक्त मौजूद रहे।

# शिव सैनिकों ने भीमराव अंबेडकर जी के परिनिर्वाण दिवस पर किया नमन



**लोकतंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**शुक्रवार।** को संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के परिनिर्वाण दिवस पर शिवसेना कार्यकताओं ने उनके चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित किए और उन्हें नमन किया बता ते चले कि शुक्रवार को शिवसेना के जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश यादव के कैंप कार्यालय पर शिव सैनीको ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की पुण्यतिथि मनाते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए, इस मौके पर शिवसेना के जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश यादव ने कहा कि हमारा देश बाबा साहब द्वारा लिखे गए संविधान पर चल रहा है तथा बाबा साहब ने देश के लिए बहुत बड़ा योगदान दिया था अतः हम सभी उन्हें नमन करते हैं, इस मौके पर मुख्य रूप से शिवसेना के जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश यादव, नगर प्रमुख विकास यादव, पूर्व नगर प्रमुख राजकुमार सागर, मेवाराम, मनु यादव, रवि यादव, राधेलाल अग्रवाल आदि सहित दर्जनों शिव सैनिक मौजूद रहे।


# विभिन्न विद्यालयों में संविधान निमार्ता अंबेडकर जी की पुण्यतिथि मनाई गई




**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** शुक्रवार को नगर के विभिन्न विद्यालयों में संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की पुण्यतिथि/ परिनिर्वाण दिवस मनाया गया, जिसमें नगर के सरस्वती पब्लिक स्कूल अमरोहा रोड एवं एच एच एस पब्लिक स्कूल, सुनील कुमार इंटरनेशनल अकैडमी तथा अन्य विद्यालयों में भी अंबेडकर जी का परिनिर्वाण दिवस मनाया गया ' इसी क्रम में नगर के प्रगतिशील विद्यालय रामशरन एवं सुशील आनंद हाई स्कूल में छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ द्वारा बाबा साहब के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर के उन्हें नमन किया गया, इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक सुशील चंद्र सक्सेना ने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी ने भारत को संविधान देकर एक नई दिशा और दशा दी है, वही विद्यालय के अध्यक्ष एडवोकेट पंडित रविशंकर शर्मा ने बाबा साहब को नमन करते हुए कहा कि बाबा साहब के संविधान द्वारा ही आज हम देश में समानता एवं स्वतंत्रता के भाव में जी रहे हैं, इस मौके पर मुख्य रूप से राहुल शर्मा, निशांत त्यागी, सोमवती कश्यप, राजीव शर्मा, अनुराधा चौधरी, अंशु त्यागी, चरण सिंह, मंजरी दीक्षित, अफसा, खुशबू शर्मा, लक्ष्मी रस्तोगी, अंश सक्सैना, सदफ, स्वाति, नीलम सक्सेना, चंद्रशेखर सिंह, अतुल मथुर आदि सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# सीएम योगी ने काल भैरव और श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना



**वाराणसी, 6 दिसंबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने दो दिवसीय वाराणसी दौरे के दौरान काशी के कोतवाल बाबा काल भैरव और श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में षोडशोपचार विधि से पूजन कर बाबा का आशीर्वाद लिया।
मुख्यमंत्री ने पूजा के पश्चात बाबा विश्वनाथ से प्रदेश की खुशहाली और विकास के लिए आशीर्वाद मांगा। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर श्रद्धालुओं ने उनका स्वागत हर-हर महादेव के उद्घोष से किया। सीएम योगी ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में एक्सिस बैंक द्वारा स्थापित 11 एलईडी स्क्रीन का अनावरण किया। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये वाराणसी स्थित सबसे प्रतिष्ठित काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर के 10 प्रमुख स्थानों पर 11 एलईडी स्क्रीन लांच किया गया है। यह पहल भक्तों को संपूर्ण आध्यात्मिक अनुभव कराने की दिशा में अहम है। इस एलईडी स्क्रीन के जरिये भक्तों को लॉकर रूम, प्रसाद काउंटर, हेल्पलाइन नंबर और मंदिर परिसर में स्थित प्रमुख स्थानों की दिशा आदि आवश्यक जानकारी लगातार प्रदर्शित की जाएगी। इसके अलावा श्रद्धालु बाबा का लाइव दर्शन, लाइव आरती और बाकी सारे कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देख सकेंगे, जिससे भक्तों का समग्र अनुभव और बेहतर होगा। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दया शंकर मिश्र 'दयालू', जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, वाराणसी के महापौर अशोक तिवारी, शहर दक्षिणी के विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी, कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव, पिंडरा विधायक अवधेश कुमार सिंह, वाराणसी के मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा, जिलाधिकारी एस राजलिंगम, पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल, काशी विश्वनाथ मंदिर के अधिकारी गण सीईओ विश्व भूषण मिश्रा, एसडीएम शंभू शरण और डिप्टी सीईओ निखिलेश कुमार समेत एक्सिस बैंक की अध्यक्ष और शाखा बैंकिंग प्रमुख अर्निका दीक्षित, मुख्य विपणन अधिकारी अनूप मनोहर आदि लोग उपस्थित रहे।

# डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस का आयोजन



**लखनऊ।** डॉ. अंबेडकर सामाजिक एकता मंच के तत्वावधान में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर बुद्ध मंदिर मार्टिन पुरवा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।
संस्था के पदाधिकारियों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी वीरेंद्र कुमार ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हमें डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के बताए गए मार्ग पर चलना होगा, और समाज को शिक्षा के प्रति जागरूक करना होगा। अवसर पर संगठन के महामंत्री सूरज कुमार गौतम, श्री जे.पी. शास्त्री, श्री रजनीश गुप्ता, ने बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित कर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में सुमित रावत, सोनी रावत, शोभा वर्मा, श्रीपाल कुरील, रविंद्र राज गौतम, विजय लक्ष्मी गुप्ता, निहारिका, सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को भेजा शिकायती पत्र



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**अमरोहा/ हसनपुर।** क्षेत्र में हो रही गोकशी एवं गौ हत्याओं को लेकर राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष सलीम खान ने क्षेत्र में बड़े पैमाने पर गोकशी होने तथा क्षेत्र में हुई गौ हत्याओं को रोकने के संबंध में शुक्रवार को एक ज्ञापन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजा है , इस संबंध में राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष सलीम खान ने बताया कि मुख्यमंत्री से क्षेत्र में हो रही गौ हत्याओं को रोके जाने के लिए उचित कदम उठाए जाने की मांग की गई है वहीं उन्होंने बताया कि अमरोहा जिले सहित विभिन्न जिलों में पुलिस प्रशासन की मिली भगत से गाय के मीट की तस्करी करने वाले मीट तस्कर आए दिन गायों की हत्या करके गायों का मीट सप्लाई कर रहे हैं,पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि क्षेत्र में गौशालाओं की देखरेख सही से नहीं हो पा रही है गौशालाओं में आए दिन गायों की मौत की सूचना मिलती रहती है, तथा गौशाला कर्मियों द्वारा गायों को भरपेट भोजन नहीं दिया जा रहा है तथा गौशाला में अधिकतर गोवंशीय पशु बीमार अवस्था में है, उन्होंने पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि अमरोहा जिले की विभिन्न गौशालाएं जिसमें साथलपुर गौशाला, चंदन कोटा स्थित बृहद नंदी गौशाला एवं काहना गौशाला तथा अधिकतर गौशालाओं में गायो की देखभाल ठीक प्रकार से नहीं हो रही है, तथा उन्होंने पत्र के माध्यम से आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को अवगत कराया है कि जब गायों की मौत की सूचना पर निरीक्षण के लिए राष्ट्रीय गो रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ के अमरोहा जिले के जिला अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल व अन्य साथी कार्यकर्ता गौशाला पहुंचे तो गौशाला कर्मियों ने एसडीएम आदि का आदेश बताते हुए गौशाला के अंदर प्रवेश नहीं करने दिया, उन्होंने आरोप लगाया कि गौशाला कर्मियों द्वारा भी चोरी छिपे गायों को तस्करों को बेचा जा रहा है, तथा गायों के लिए आ रही सरकारी रकम को अधिकारी व कर्मचारी बिलबटकर खा रहे हैं, पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री से निवेदन किया गया है कि गो तस्करों पर शिकंजा करते हुए तथा गौशालाओं के लिए विशेष निगरानी समिति गठित कर उचित कार्रवाई की जाए' तथा गौ हत्याओं में लिप्त लोगों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

# हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव के सांस्कृतिक संध्या पर भोले ओ भोले डमरू वाले ....ने बांधा समां

## बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के 151 अधिकताओं का सम्मान



**लोकतंत्र /देवेंद्र शर्मा**

**लखनऊ।** कानपुर रोड आशियाना क्षेत्र में स्थित स्मृति उपवन में माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि माननीय राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार विश्वनाथ जी विशिष्ट अतिथि नीलांश ग्रुप डायरेक्टर संतोष श्रीवास्तव एवम को-चेयरमैन बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश एवं पूर्व अध्यक्ष लखनऊ बार एसोसिएशन गोविंद नारायण शुक्ला व पूर्व अध्यक्ष सेंट्रल बार काउंसिल आदेश सिंह और भाजपा नेता पूर्व मेयर प्रत्याशी लखनऊ अजय त्रिपाठी मुन्ना महोत्सव अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह व गुंजन वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ किया। सांस्कृतिक संध्या में कलाकारों ने नृत्य,गीत, संगीत की प्रस्तुती दी। सर्वप्रथम हनु श्री ट्रस्ट के अध्यक्ष रागिनी पूजा जायसवाल के तत्वाधान में गणेश वंदना हनु जायसवाल एवम पीहू द्विवेदी द्वारा प्रस्तुत कर सांस्कृतिक संध्या का आरंभ किया। तेरे वास्ते रे डोला... लोकगीत गाकर रागिनी जायसवाल ने महोत्सव की शाम को गुलजार मय किया। वहीं प्रकाश जोशी भजन गाकर पूरे पंडाल में बैठे दर्शको को भाव विभोर कर दिया और रंग मंच से भोजपुरी गानों का रसपान कराया।कार्यक्रम के अगले सोपान में दिव्य प्रकाश तिवारी भोले ओ भोले डमरू वाले .... प्रस्तुती देकर बांधा समां । एक प्यार का नगमा हैं ...डॉ. प्रीति त्रिपाठी और दिव्य प्रकाश तिवारी के जुगल बंदी कर चार चांद लगाया व विवेक लोकगीतों की माला से पिरोया। अगले क्रम में गुलाबी आँखें जो तेरी देखी....प्रसून शाह के प्रस्तुति से दर्शकों को झूमाया। हनु श्री ट्रस्ट की अध्यक्ष रागिनी पूजा जायसवाल ने बताया कि हमारी संस्था द्वारा अधिवक्ताओं, डॉक्टरों, एवं समाजसेवियों को समय-समय पर सम्मानित करती है। हनु श्री ट्रस्ट के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सलाहकार भारतीय संविधान चरण सिंह , उपसचिव प्रमुख अभिनंदन सिंह, प्रोविडेंट कमिश्नर नवीन कनौजिया, जितेन्द्र सिंह ,अनुज श्रीवास्तव, अजय त्रिपाठी, डॉक्टर आदर्श अवस्थी, एवं मधुबाला थी। अधिवक्ता शक्ति सिंह के संयोजन में हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव के सांस्कृतिक मंच से बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के 151 अधिवक्ताओं का सम्मान किया गया जिसमें पूर्व अध्यक्ष लखनऊ बार एसोसिएशन सुनील कुमार सिंह सिकरवार एवं अधिवक्ता प्रदीप सिंह "बब्लू" (क्षत्रिय महासभा) सहित अन्य अधिवक्ताओं को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर अधिवक्ताओं ने खुशी जाहिर की एवं महोत्सव अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह और समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। इस दौरान मंच पर आयोजक समिति के मनोज सिंह चौहान,प्रियंका सिंह आदि उपस्थित रहे । प्रदीप शुक्ला ने मंच का संचालन किया गया।

# सीएम योगी के आने से पहले सेंट्रल हॉस्पिटल में 10 बेड का आईसीयू तैयार



**महाकुम्भ नगर, 06 दिसम्बर।** महाकुम्भ में देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की देखभाल के लिए इस बार विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप स्वस्थ महाकुम्भ की योजना को साकार करने के लिए मेला क्षेत्र में युद्ध स्तर पर तैयारी की जा रही है। इस बार के महाकुम्भ में श्रद्धालुओं से लेकर महात्माओं तक के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की बड़े पैमाने पर तैनाती की जा रही है। इसी क्रम में यहां पमहाकुम्भ नगर के परेड ग्राउंड में 100 बेड का अस्पताल बनकर लगभग तैयार हो चुका है। सीएम योगी के आने से पूर्व 10 बेड के आईसीयू को पूरी तरह रेडी कर लिया गया है।

**की गई पुख्ता तैयारी**

सेंट्रल हॉस्पिटल की जिम्मेदारी देख रहे वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर गौरव दुबे बताते हैं कि महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई समस्या न आने पाए इसके लिए हमारी तैयारी पुख्ता है। परेड ग्राउंड में 100 बेड का अस्पताल बनकर लगभग तैयार है। सीएम योगी के आने से पहले ही शुक्रवार शाम तक सेंट्रल हॉस्पिटल में 10 बेड का तैयार कर लिया गया है। आर्मी और मेदांता हॉस्पिटल ने मिलकर श्रद्धालुओं की जरूरत के हिसाब से इसे तैयार किया है। यहां पर आपात स्थितियों में हर तरह की आवश्यक चिकित्सा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए सभी जरूरी मशीनें स्थापित कर ली गई हैं।

**24 घंटे काम करेगा अस्पताल**

परेड क्षेत्र में बन रहे 100 बेड वाले अस्पताल की जिम्मेदारी देख रहे वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर गौरव दुबे के अनुसार, परेड ग्राउंड में 100 बेड का अस्पताल तैयार है। मेला के दौरान यहां 24 घंटे डॉक्टरों की तैनाती रहेगी, जहां अनलिमिटेड ओपीडी की क्षमता के हिसाब से सुविधाएं मौजूद रहेंगी। उन्होंने बताया कि महाकुम्भ में मेल, फीमेल और चिल्ड्रन वार्ड अलग-अलग तैयार किए गए हैं। इसके अतिरिक्त डिलीवरी रूम, इमरजेंसी वार्ड और डॉक्टर्स रूम भी बन रहे हैं। जांचों की भी विशेष व्यवस्था की गई है। ओपीडी के साथ ही एक्सरे, अल्ट्रासाउंड और ईसीजी रूम को भी तैयार कर लिया गया है।

**अन्य अस्पतालों का भी काम तेजी से आगे बढ़ा**

केंद्रीय अस्पताल के साथ ही अरैल और झूंसी में 25 बेड के दो अस्पताल समेत विशेष सुविधाओं वाले 20-20 बेड के आठ छोटे अस्पताल भी श्रद्धालुओं की देखभाल के लिए तैयार हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए भी दो अस्पतालों का इंतजाम किया गया है, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती की जाएगी।

# गुरु तेग बहादुर ने विदेशी आक्रांताओं से कश्मीर और सनातन की रक्षा की- योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ, 6 दिसंबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहियागंज गुरुद्वारा में गुरु परंपरा के नवम् गुरु श्री तेग बहादुर जी महाराज के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सीएम योगी ने उनके बलिदान और स्मृतियों को नमन करते हुए कहा कि सिख पंथ के अनुयायियों ने अपनी साधना और सामर्थ्य से अपने कौम के साथ-साथ पूरे देश को और पूरे सनातन धर्म को न केवल सुरक्षा प्रदान की बल्कि एक लंबे समय के लिए उन्हें अभय भी प्रदान किया। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी महाराज ने उस समय कश्मीर को बचाया था जब वहां के सनातन धर्मावलंबियों को विदेशी आक्रांताओं द्वारा धर्म परिवर्तन करने का आदेश मिला था।
सीएम योगी ने कहा कि गुरु तेग बहादुर ने कश्मीरी पंडितों को एक नया जीवन दिया था। धर्म परिवर्तन के आदेश के बाद सुरक्षा के लिए भटक रहे कश्मीरी पंडितों को न सिर्फ नया जीवन दिया था बल्कि उनसे कहा था कि अत्याचारियों से कह दो कि पहले हमारे गुरु को इस्लाम स्वीकार कराओ। सीएम योगी ने कहा कि गुरु तेग बहादुर ने हमेशा देश और धर्म को प्राथमिकता दी और किसी विदेशी आक्रांता के सामने सिर नहीं झुकाया।

**गुरु नानक देव ने बाबर के अत्याचारों के खिलाफ उठाई आवाज- सीएम योगी**

सीएम योगी ने कहा कि वह कैसा कालखंड रहा होगा जब एक विदेशी आक्रांता बाबर देश के अंदर अत्याचार कर रहा था, उसके खिलाफ गुरु नानक देव जी ने आवाज उठाई थी। सीएम ने कहा कि इतिहास के उन पन्नों को कौन नहीं जानता है जब भक्ति की इस परंपरा से ऊपर उठकर उन्होंने समय के साथ तात्कालिक समाज को एक नई दिशा देने का काम किया था। वहां से चलकर हम शहादत और बलिदान की एक सुदृढ़ नियम को आगे बढ़ाते हुए गुरु गोविंद सिंह महाराज तक पहुंचे। वह शक्ति का एक दिव्य पुंज बन करके न केवल सनातन धर्म की रक्षा के लिए बल्कि भारत की रक्षा के लिए अपने आपको बलिदान करने से पीछे नहीं हटे।

**गुरु तेग बहादुर ने गुरु गोविंद सिंह जी महाराज जैसा सशक्त शक्तिपुंज भी देश को दिया- योगी**

सीएम योगी ने कहा कि गुरु तेग बहादुर अपनी शहादत के पहले सनातन धर्म की रक्षा के लिए, देश और धर्म की रक्षा करने के लिए गुरु गोविंद सिंह जी महाराज जैसा सशक्त शक्तिपुंज भी देश को दिया। उनके चार-चार साहिबजादे बलिदान हो गए। सीएम योगी ने कहा कि हम प्रधानमंत्री मोदी जी के आभारी हैं, जिन्होंने 26 दिसंबर की तिथि को वीर बाल दिवस के रूप में आयोजित करने की घोषणा की। यह मेरा सौभाग्य है कि वीर बाल दिवस सन् 2020 से लगातार मुख्यमंत्री आवास में पूरी भव्यता के साथ आयोजित हो रहा है। पूरा संत समाज इसमें शामिल होता है। हम गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के चार-चार साहिबजादे और माता गुजरी को नमन करते हुए आज के युवा पीढ़ी के लिए और आज के बच्चों के सामने एक नया आदर्श शहादत के रूप में सामने रखते हैं जो आज के लिए देश और धर्म के लिए आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। सीएम योगी ने कहा कि यह महान सिख गुरुओं का इतिहास है जो हम सभी जीवन में एक नई प्रेरणा प्रदान करता है। यह हमको निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है।

# संविधान की प्रति दिखाकर ढोंग करने वाले बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर मौन क्यों : सीएम योगी



**लखनऊ, 6 दिसंबर।** आज बांग्लादेश में हिंदुओं, बौद्ध और अन्य अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को कट्टरपंथियें द्वारा मारा जा रहा है। उन्हें जलाया जा रहा है। उनकी संपत्तियों को लूटा जा रहा है। इतना ही नहीं माता और बहनों की इज्जत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जब तक वहां जिन्ना का जिन्न रहेगा तब तक इस तरह की अराजकता होती रहेगी। वहां पर गरीबों और वंचितों का शोषण हो रहा है। यह पाप 1947 में देश के विभाजन के रूप में सभी के सामने आया था। उसी का बदसूरत स्वरूप बांग्लादेश के रूप में फिर हमारे सामने है। बाब साहेब ने 1946-47 में ही जनता को इसे लेकर आगाह कर दिया था। उन्होंने कहा था कि देश का बंटवारा मत होने दीजिए। अगर यह हो गया तो आर-पार की लड़ाई शुरू हो जाएगी, जो आज हमारे सामने है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को विधानसभा मार्ग स्थित आंबेडकर महासभा परिसर में बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के निर्वाण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कही। इससे पहले सीएम योगी आदित्यनाथ ने हजरतगंज स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

**कुछ लोग समाज को धोखा दे रहे हैं, यह वहीं लोग हैं जो दलितों के गांव जलाने पर चुप थे**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज कुछ लोग समाज को धोखा दे रहे हैं। वह समाज में झूठ फैला रहे हैं। यह वही लोग हैं, जो उसे समय हैदराबाद के निजाम और उनके राजाकारों द्वारा दलितों के गांव जलाए जा रहे थे तो चुप थे। उस दौरान उनका शोषण हो रहा था। उन पर अत्याचार किया जा रहा था। उस समय भी बाबा साहब आंबेडकर ने खुला पत्र लिखा था कि हैदराबाद के निजाम की रियासत के सभी दलितों, जिन पर अत्याचार हो रहा है, वह निजाम की रियासत को छोड़कर महाराष्ट्र की ओर चले जाएं, लेकिन अपना धर्म और मत न बदलें। वहीं हैदराबाद के निजाम और पाक परस्त जिन्ना के लोगों ने अपने नापाक इरादों को अंजाम देने के लिए बाबा साहब को प्रलोभन देने का प्रयास किया, लेकिन वह अपने आदर्शों से टस से मस नहीं हुए। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा भारतीय ही रहूंगा। मैंने भारतीय के रूप में जन्म लिया है और मेरी अंतिम यात्रा भी भारतीय के रूप में ही निकलेगी। उन्होंने आजीवन इस व्रत का पालन भी किया। वह लगातार दलित और वंचितों के लिए काम करते रहे। जिन लोगों ने बाबा साहब की बात मानी, वह आज भारत में सुरक्षित हैं और आरक्षण का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। हमारी सरकार उन सभी का सम्मान करने के साथ उन्हे हर सुविधा उपलब्ध करा रही है। सीएम ने कहा कि योगेंद्र नाथ मंडल की बातों में आकर जो लोग बहक गये थे, वह आज पाकिस्तान और बांग्लादेश में अत्याचार सह रहे हैं। यह दृश्य आज हम सभी के सामने हैं।

# कैथल

# करनाल में 2919 विघाथीयों ने दी दूसरे लेवल की यातायात प्रश्नोतरी परीक्षा

करनाल सुखविंदर सोही

**करनाल।** पुलिस महानिदेशक हरियाणा श्री शत्रुजीत कपूर के दिशा-निदेर्शानुसार सभी जिलों में यातायात नियमों की पालना को लेकर यातायात प्रश्नोतरी परीक्षा करवाई जा रही है, इसी कड़ी में करनाल जिला में दूसरे चरण की परीक्षा सम्पन्न करवाई जा चुकी है। जिसमें स्कूल/कालेजों के छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। पुलिस अधीक्षक करनाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला करनाल में यातायात प्रश्नोतरी परीक्षा करवाई गई है और इस परीक्षा को लेकर जिला पुलिस द्वारा व्यापक तैयारी की गई थी। उन्होंने बताया कि दिनांक 05.12.2024 को दूसरे लेवल की परीक्षा में 2919 विघाथीयों ने भाग लिया। इस परीक्षा में उर्तीण होने वाले विघार्थी अब अगले लेवल की परीक्षा में प्रवेश ले सकेगें। इस दौरान ए.एस.पी. करनाल श्री हर्षित पटेल द्वारा कई स्कूलों का दौरा किया गया, उन्होंने कहा कि प्रश्नोतरी परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विघाथीयों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विघाथीयों को प्रारम्भ से ही यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा उनकी पालना करने के लिए प्रेरित करना ही परीक्षा का मकसद है क्योंकि बचपन से सीखा हुआ सबक जिन्दगी भर याद रहता है। इसी उदेश्य से पुलिस विभाग द्वारा शिक्षा विभाग के साथ मिलकर इस परीक्षा का आयोजन किया गया है।




## फिट इंडिया सप्ताह के तहत करवाई प्रतियोगिताएं


कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं व स्टाफ।

**कैथल :** इंदिरा गांधी पीजी महिला महाविद्यालय कैथल में मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर एंड स्पोर्ट्स के आदेशानुसार फिट इंडिया सप्ताह 2024 की साप्ताहिक गतिविधियों के चौथे दिन के अन्तर्गत शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के सानिध्य में कॉलेज की कमर्शियल आर्ट विभाग द्वारा पोस्टर मेकिंग, अंग्रेजी विभाग द्वारा डिबेट व राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया व इनके माध्यम से सभी छात्राओं को स्वस्थ भारत हेतू संदेश दिये गए। कॉलेज सायंकालीन सत्र की प्राचार्या प्रभारी श्वेता तंवर ने बताया कि शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के निदेर्शानुसार 15 नवंबर से 31 दिसंबर तक फिट इंडिया मूवमेंट सभी उच्चतर शिक्षण संस्थानों में मनाया जाना है जिसके अंतर्गत महाविद्यालय में 2 दिसंबर से 7 दिसंबर तक फिट इंडिया वीक का आयोजन किया जा रहा है। प्रबंधक समिति के प्रधान रामबहादुर खुरानिया ने कहा कि फिट इंडिया वीक 2024 का उद्देश्य सभी विद्यार्थियों के अंदर स्वास्थ्य के लिए जागरूकता पैदा करना है। मौके पर उपस्थित सायंकालीन कॉलेज की पूर्व इंचार्ज सुरभि शर्मा ने भी छात्राओं को अपने वक्तव्य से एक अच्छे स्वास्थ्य के लाभों से अवगत करवाया। इस अवसर पर स्टाफ सदस्यों में से रीना गिल, अलका गोयल, छवि, कुसुम, अनु, शीतल, माफी, सृष्टि, अरुणा और रश्मि आदि उपस्थित रहे।

## प्रो. डॉ पवन कुमार बने माइंड पावर यूनिवर्सिटी भीमताल उत्तराखंड के प्रो. वीसी


प्रो. पवन धस्माना

**कैथल :** संस्कृति युनिवर्सिटी छाता, मथुरा के रिसर्च डॉक्टर पवन धस्माना माइंड पावर यूनिवर्सिटी भीमताल, नैनीताल उत्तराखंड के प्रो. वाइस चांसलर बनने पर एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल हरियाणा के विश्वविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने उन्हें अपनी अग्रिम शुभकामनाएं दी हैं। डा. मनोज ने कहा कि प्रो. पवन धस्माना का रिसर्च एवं शैक्षणिक के क्षेत्र में लगभग 25 वर्षों का लंबा अनुभव है और इस दौरान उन्होंने एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल के अलावा देश के अन्य विश्वविद्यालयों में भी डॉयरेक्टर रिसर्च के रूप में सफलतापूर्वक अपनी सेवाएं दी हैं। अपने उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें विभिन्न शैक्षणिक एवं सामाजिक संस्थान द्वारा सम्मानित भी किया जा चुका है।

## मांगें पूरी करने के लिए सीएम का जताया आभार


जानकारी देते हुए संगठन के पदाधिकारी।

**कैथल :** पब्लिक हेल्थ ग्रामीण ट्यूबवैल ऑपरेटर ऑगेर्नाइजेशन संबंधित भारतीय मजदूर संघ हरियाणा की बैठक वाटर सप्लाई नवंबर 1 किठाना में हुई जिसकी अध्यक्षता विभाग के प्रमुख हुकुमचंद सैनी ने की और मंच का संचालन जिला सचिव बलविंदर ने किया। उन्होंने भारतीय मजदूर संघ की रीति नीति के बारे में बताया कि कल भारतीय मजदूर संघ की बैठक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ कल चंडीगढ़ में हुई थी। एक लाख बीस हजार कर्मचारियों का जॉब सिक्योरिटी देने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने कर्मचारियों को बताया कि सभी ग्रामीण ट्यूबवैल आप्रेटरों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम में शामिल किया जाएगा, जल्द ही अधिकारियों के साथ मीटिंग करवाई जाएगी, सभी मांगों को पूरा किया जाएगा। इसके लिए हम मुख्यमंत्री व भारतीय मजदूर संघ का सभी हरियाणा के ग्रामीण ट्यूबवैल ऑपरेटर धन्यवाद करते हैं। इस मौके पर राजौंद ब्लॉक प्रधान सत्यवान किच्छाना, अमित, सुनील, मनीराम, सुभाष, जोगिंदर विक्रम आदि मौजूद रहे।

## एचआईवी एड्स से जागरूकता में ही बचाव है : मनीता


कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थी।

**राजौंद:** राजकीय महाविद्यालय राजौंद, रेड क्रॉस व रेड रिबन क्लब के अंतर्गत विस्तार व्याख्यान और जागरूक रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजौंद से मनीता, काउंसलर राजकमल, लैब तकनीशियन और नीरज फामेर्सी ऑपरेटर ने शिरकत की। मनीता ने मुख्य वक्ता के रूप में एचआईवी एड्स के प्रति विद्यार्थियों को जागरुक करते हुए बताया की एचआईवी एडस असुरक्षित यौन संबंधों सिरिंज प्रयोग और झोलाछाप डॉक्टरों से दांत जाड़ निकलवाने से होता है। कार्यक्रम में अशोक कुमार नरेंद्र प्रदीप प्रवीण और राजरानी भी मौजूद रहे।

## एनएसएस शिविर में छात्राओं ने किया पौधा रोपण


कन्या महाविद्यालय में पौधारोपण करते हुए छात्राएं।

**राजौंद :** गांव सेरधा के राजकीय अमरनाथ भगत जय राम कन्या महाविद्यालय में एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया जिसमें पौधा रोपण किया गया। शिविर में फस्ट ईयर व बीए सेकंड ईयर की की छात्राओं ने बढ़ चढकर भाग लिया। कॉलेज प्रांगण में छात्राओं द्वारा पौधों के साथ-साथ पौधों की गुड़ाई सिंचाई व कॉलेज की सफाई का कार्य भी किया गया। इसके अलावा विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं भी छात्राओं के माध्यम से करवाई गई। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी सुमन लता व सुनीता शर्मा ने भी छात्राओं को संबोधित किया?।

## दफ्तरों में बैठे कर्मचारियों को उनके मूल स्थान पर भेजा जाए : कोहली



गेट मीटिंग में नारेबाजी करते हुए बिजली कर्मी।

कैथल, दिसंबर : ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्ज यूनियन का प्रदर्शन 9वें दिन भी जारी रहा। प्रदर्शन की अध्यक्षता दीपेंद्र कोहली ने की और मंच का संचालन शेर सिंह फोरमैन ने किया। दीपेंद्र कोहली ने कहा कि निगम में दफ्तरों में बैठे कर्मचारियों को उनके मूल स्थान लाइनों पर भेजा जाए। उन्होंने कहा कि वे कई बार एक्सियन से मिल चुके हैं लेकिन उसका रवैया निगम हित में नहीं है। एक्सियन का कहना है कि कि जो कर्मचारी दफ्तरों में बैठे हैं उनके बिना मेरा काम नहीं चलता। यह एक्सियन अपनी मर्जी से बिजली निगम को चलाना चाहता है। निगम द्वारा जो तकनीकी कर्मचारियों को फील्ड में लगाने के आदेश हैं वो इसके लिए कोई मायने नहीं रखते। पिछले 3 दिन में ही 3 कर्मचारी शहीद हो चुके है लेकिन फिर भी विद्युत सदन में बैठे इन अधिकारियों की नींद नहीं टूट रही। आज की गेट मीटिंग में सुरेश शर्मा पूर्व सर्कल सचिव, राम कुमार जिला एसकेएस कैशियर, अध्यापक संघ से अमर नाथ, ओम पाल भाल, अमरदीप बनवाला यूनिट प्रधान, सतीश शर्मा, राकेश जेई, प्रदीप सिंह, दर्शन कैशियर, नरेश शर्मा टीएल, मलकीत जाखौली, भारत कुकरेजा, सूरज जेई, सुरेंद्र पहलवान, जितेंद्र साघन, राम निवास लाईन मैन, माणिक, संदीप जेई, कृष्ण जेई, संजय, तरसेम लाईन मैन ने भाग लिया।

## शिक्षा जगत के पुरोधा डा. ओपी सैनी को मिला विशेष सम्मान


डा. ओपी सैनी।

कैथल, दिसंबर : अक्सर मीडिया की सुर्खियों से दूर रहने वाले तथा शैक्षिक जगत में उच्च मुकाम हासिल करने वाले डॉ. ओपी सैनी आज अनगिनत उपलब्धियों के लिए जाने जाते हैं। समाज और विद्यार्थियों में विशेष लोकप्रिय डॉ. ओपी सैनी कैथल ही नहीं बल्कि पूरे हरियाणा के शिक्षा जगत में अपनी खास पहचान बनाए हुए हैं। डॉ. सैनी ने अपने जीवन के महत्वपूर्ण क्षणों को सांझा करते हुए कहा कि आरकेएसडी कॉलेज उनकी कर्मभूमि रहा है। इस कॉलेज में सन 1990 से हिंदी विभाग में कार्यरत डॉ. सैनी को हाल ही में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा करियर एडवांस स्कीम के तहत प्रोफेसर पद से नवाजा गया है। वे अपने महाविद्यालय के पहले ऐसे शिक्षक हैं जिन्हें यह गौरव हासिल हुआ है। केवल प्रोफेसर पद ही नहीं बल्कि यूजीसी द्वारा हिंदी पत्रकारिता में महिलाओं की भूमिका विषय को लेकर मेजर रिसर्च प्रोजेक्ट पर काम करने वाले वे अपने क्षेत्र के पहले शिक्षक भी हैं। उनके अब तक 60 के लगभग शोध पेपर विभिन्न राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। इतना ही नहीं विभिन्न विद्वानों द्वारा संपादित पुस्तकों में उनके 25 के लगभग शोध पेपर भी प्रकाशित हुए हैं। उन्होंने अब तक 40 के लगभग राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनारों में शोध पत्रों का वाचन किया है तथा अनेक महाविद्यालयों में विस्तार व्याख्यान देकर विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन किया है। डॉ. सैनी अपने क्षेत्र के एकमात्र डी.लिट. उपाधि प्राप्त प्रोफेसर हैं तथा उनके निर्देशन में अब तक पांच विद्यार्थियों ने एमफिल और पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। इससे पहले वे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र की अकादमिक कौंसिल तथा अनफेयर मिंस कमेटी के सदस्य भी रह चुके हैं। कालेज प्रबंधन समिति, प्राचार्य, प्राध्यापक वर्ग तथा शहर के गणमान्य व्यक्तियों एवं छात्रों ने डॉ. सैनी को पहला प्रोफेसर बनने पर बधाई दी है।

## कलयुग में राम नाम का सहारा मनुष्य को भव सागर से उतारने वाला : विज्ञानानंद


मुख्य अतिथि को सम्मानित करते हुए।

**चीका :** अग्रवाल धर्मशाला चीका में चल रही श्री राम कथा के चौथे दिन की कथा का शुभारंभ शहर के प्रमुख उद्योगपति महावीर मटोरिया ने दीप प्रज्ज्वलित कर के किया। कथा वाचक स्वामी विज्ञानानंद महाराज ने महावीर मटोरिया को भगवान श्री राम का चित्र भेंट के उन्हें आशीर्वाद दिया। कथा को आगे बढ़ाते हुए स्वामी विज्ञानानंद महाराज ने कहा कि श्री राम ने वचन को पूरा करने और जो संस्कार का उदाहरण प्रस्तुत किया था। उसकी बदौलत उन्हें मयार्दा पुरषोत्तम के नाम से जाना जाने लगा है। मुख्य अतिथि को सम्मानित करते हुए वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, आरएसएस के जिला संघचालक शाम बंसल, कथा संयोजक प्रेम सिंह पूनिया, विजय गर्ग, विनोद गर्ग, अशोक गर्ग, मनोज मित्तल, मांगे राम जिंदल व अन्य उपस्थित रहे।

# खंड स्तरीय टैलेंट सर्च प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा


बच्चों को पुरस्कार देते हुए।

कैथल, दिसंबर : खंड परियोजना संयोजक कार्यालय कैथल के तत्वावधान में आरोही मॉडल स्कूल ग्योंग में खंड स्तरीय टैलेंट सर्च प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रिंसिपल डॉ मनीष कुमार सिंगला ने दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन हरियाणा स्कूल परियोजना परिषद पंचकुला के निदेर्शानुसार बच्चों में छिपी प्रतिभा को बाहर निकालने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में कक्षा 6 से 8 के लिए विजुअल आर्ट, सोलो डांस, म्युजिक, और थिएटर एवं कक्षा 9 से 12 के फॉक हरियाणवी ग्रुप सॉन्ग फॉर बॉयज एवं फॉक हरियाणवी ग्रुप डांस फॉर गर्ल्स रहा। सहायक जिला परियोजना संयोजक मनोज पवार ने कहा कि बच्चों में अदभुत प्रतिभाएं छिपी होती है। ऐसे प्रतियोगिताएं प्रतिभावान बच्चों में भविष्य के लिए आगे बढ? के रास्ते खोलती हैं। डॉ मनीष कुमार सिंगला ने कहा कि आपकी प्रतिभा और मेहनत आपको भविष्य का बेहतरीन कलाकार बना सकता है। हर अच्छे कलाकार का प्रथम चरण इसी प्रकार के कार्यक्रम से शुरू होता है। निर्णायक की भूमिका में वंदना, बीरबल सिंह, प्रभजोत कौर, अनिल कुमार, सुभाष शर्मा रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के अध्यापक विनोद आर्य, प्रीति राठौर, निशा सिंगला, प्रोमिला देवी, डॉ जसबीर कौर, प्रतिभा मित्तल का विशेष योगदान रहा।

### इस प्रकार रहे प्रतियोगिता के परिणाम

मंच संचालन करते हुए विनोद आर्य ने परिणामों की घोषणा करते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 में विजुअल आर्ट में विकास राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पट्टी अफगान व अंशु आरोही मॉडल स्कूल ग्योंग ने प्रथम स्थान, डांस में वंशुल राजकीय वरिष्ठ विद्यालय चन्दना एवं सचप्रीत राजकीय वरिष्ठ विद्यालय शेरगढ़ ने प्रथम, थिएटर में शिवम आरोही मॉडल स्कूल ग्योंग एवं मानसी राजकीय वरिष्ठ विद्यालय शेरगढ़ ने प्रथम तथा संगीत में साहिल आरोही मॉडल स्कूल ग्योंग एवं दीपांशी आरोही मॉडल स्कूल ग्योंग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9 से 12 में फॉक हरियाणवी ग्रुप सॉन्ग में आरोही मॉडल स्कूल ग्योंग ने प्रथम स्थान तथा फॉक हरियाणवी ग्रुप सॉन्ग गर्ल्स में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शेरगढ़ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## कानो राज्य के गवर्नर से मिला एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय का प्रतिनिधिमंडल


गवर्नर से भेंट करते हुए एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय का प्रतिनिधिमंडल।

कैथल, दिसंबर : नोएडा स्थित शारदा विश्वविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में उत्तर पश्चिम नाइजीरिया के कानो राज्य के गवर्नर अब्बा कबीर यूसुफ ने शिरकत की। कैथल से एनआइआइएलएम विश्वविद्यालय के एक प्रतिनिधिमंडल ने इस कार्यक्रम में शिरकत की और गवर्नर अब्बा कबीर यूसुफ से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विश्वविद्यालय की डीन आफ सोशल साइंस एंड ह्यूमेनिटीज डा. एकता चहल ने किया। उनके साथ एडमिशन डायरेक्टर राजेंद्र गोयत और डा. सुमन भी रहे। उन्होंने गवर्नर अब्बा कबीर यूसुफ को एनआइआइएलएम विश्वविद्यालय की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। डा. एकता चहल ने बताया कि इस कार्यक्रम में कई विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसमें आपसी तालमेल और वैश्विक स्तर पर समन्वय पर चर्चा की गई। गवर्नर अब्बा कबीर यूसुफ ने अपनी सरकार की ओर से शारदा विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा के लिए प्रायोजित छात्रों की उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों की सराहना की है। बता दें कि कैथल स्थित एनआइआइएलएम विश्वविद्यालय में भी कई देशों के विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करते रहे हैं। एनआइआइएलएम विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए डा. एकता चहल ने कहा कि यहां भी कई देशों के छात्र शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। पूर्व में विश्वविद्यालय ने कई विदेशी शिक्षण संस्थानों के साथ एमओयू साइन किए हैं। उन्होंने जोर दिया कि ऐसे कार्यक्रम न केवल अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देते हैं, बल्कि छात्रों के लिए नए अवसर भी पैदा करते हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शमीम अहमद और कुलसचिव डा. राजीव दहिया ने प्रतिनिधिमंडल को कैंपस में लौटने पर उनके प्रयास के लिए बधाई दी।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 14 दिसंबर को : सैशन जज


बैठक को संबोधित करते हुए सैशन जज।

कैथल, दिसंबर : हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कैथल की अध्यक्षा सैशन जज रितू वाईके बहल की देखरेख में 14 दिसंबर को न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मैडम रितू ने बताया कि वीरवार को सैशन जज रितू वाईके बहल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन जिला वैकल्पिक समाधान केंद्र के सभागार में किया गया। इसमें बैंक अधिकारी, बिजली विभाग, बीमा कंपनी के अधिवक्ताओं, बैंक पैनल के अधिवक्ताओं, श्रम विभाग, नगर परिषद सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों ने भाग लिया। सभी को राष्ट्रीय लोक अदालत में मामले के निपटारे बारे निर्देश दिए गए और बताया कि गया राष्ट्रीय लोक अदालत में मुकदमेबाजी पूर्व और अदालतों में लंबित मामलों को मैत्रीपूर्ण आधार पर सुलझाया जाता है। यदि न्यायालय में लंबित मुकदमें में कोर्ट शुल्क जमा करवाया गया होता है तो लोक अदालत में विवाद के निपटारे के बाद वह शुल्क वापिस कर दिया जाता है। उन्होंने ने बताया कि लोक अदालत न्यायालयों के बाहर विवादों के समाधान के लिए होती है। इसे जनता की अदालत भी कहा जाता है। यह निष्पक्ष और सरल न्याय प्रदान करता है। लोक अदालतों द्वारा संपत्ति की मांग, वित्तीय विवाद, आपराधिक, एनआई एक्ट, मोटर वाहन, श्रम संबंधी मामले, राजस्व मामले सहित प्री लिटिगेशन मामले तथा अन्य सिविल मामले शामिल हैं। यदि कोई भी व्यक्ति अपने केस या विवाद का निपटारा लोक अदालत के माध्यम से करवाना चाहता है तो वह संबंधित अदालत में या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कैथल में संपर्क कर सकता है।

# आरकेएसडी कॉलेज ने मनाया स्थापना दिवस

- प्रबंधक समिति ने पुराने दिनों को किया याद


हवन में भाग लेते हुए प्रबंधक समिति व स्टाफ सदस्य।

कैथल, दिसंबर : आरकेएसडी कॉलेज ने अपना स्थापना दिवस उत्साह और गर्व के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत हवन से हुई। प्रबंधक समिति के अध्यक्ष अश्वनी शोरेवाले, राष्ट्रीय विद्या समिति और कॉलेज की शासी निकाय के पदाधिकारी, सदस्य और कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ संजय गोयल ने हवन समारोह में भाग लिया। उसके बाद प्रिंसिपल डॉ संजय गोयल ने अपना संबोधन दिया। डॉ. गोयल ने कॉलेज के शैक्षणिक विकास पर श्रोताओं को जानकारी दी जिसमें नर्सिंग कॉलेज का आगामी शुभारंभ, इतिहास में मास्टर जैसे नए पाठ्यक्रम, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर अपराध पर ध्यान केंद्रित करते हुए बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन में अतिरिक्त इकाइयां शामिल हैं। उन्होंने चार नए पाठ्यक्रमों मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, खेल विज्ञान और जनसंचार की शुरूआत पर भी प्रकाश डाला। प्राचार्य ने शिक्षण स्टाफ सदस्यों की अकादमिक उपलब्धियों अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में डॉ. अशोक अत्री, डॉ. सुरेंदर आर्य, डॉ. एसपी वर्मा और प्रोफेसर दिनेश द्वारा अपने शोध पत्रों की प्रस्तुति का उल्लेख किया। इसके अलावा, डॉ. गोयल ने करियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत प्रोफेसर के पैमाने पर डॉ. ओम प्रकाश सैनी की पदोन्नति की घोषणा की। अध्यक्ष अश्वनी शोरेवाले ने कॉलेज की सफलता की नींव रखने के लिए पिछले प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने उत्कृष्टता के लिए प्रयास जारी रखने और छात्रों और समाज के लिए लाभकारी पाठ्यक्रम शुरू करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय विद्या समिति और आरकेएसडी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की गवर्निंग बॉडी के पदाधिकारी और सदस्य, सहयोगी संस्थानों के प्रिंसिपल, सेवानिवृत्त प्रिंसिपल, सभी शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारी, सेवानिवृत्त शिक्षण स्टाफ सदस्य और शहर से आए अतिथि मौजूद थे। कॉलेज के स्टाफ सचिव डॉ. सुरेंदर आर्य ने कार्यक्रम के लिए मंच का संचालन किया।

## प्रधानमंत्री पानीपत से शुरू करेंगे देश में महिला कल्याण की सबसे बड़ी योजना : कृष्ण बेदी


कृष्ण बेदी का स्वागत करते हुए लीला राम। (सतीश भराड़ा)

कैथल, दिसंबर : हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण और अंत्योदय, सत्कार व वास्तुकला मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पानीपत की ऐतिहासिक भूमि से आगामी नौ दिसंबर को जीवन बीमा निगम द्वारा प्रायोजित बीमा सखी योजना का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री की इस मुहिम से देश की महिलाओं का सशक्तिकरण होगा। इस कार्यक्रम में कैथल हलका सहित जिला कैथल से महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए। इसके लिए कार्यकर्ता पूरी मेहनत एवं लग्न से काम करें। बेदी आज जिला भाजपा कार्यालय में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर कार्यकताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उनके साथ पूर्व विधायक लीला राम सहित कई भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

उन्होंने कहा कि महिला सशक्षितकरण की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी नौ दिसंबर को पानीपत से बीमा सखी योजना का शुभारंभ करेंगे। इस योजना में महिला को बीमा एजेंट पर के तौर पर सात हजार रुपये दिए जाएंगे। साथ हीवह महीने में दो पॉलिसी करती है तो उसका उसे कमीशन मिलेगा। इसी प्रकार से अगले माह छह हजार रुपये व उसके द्वारा की जाने वाली पॉलिसी में कमीशन, अगले सत उसे पांच हजार रुपये प्रति माह व उसके द्वारा किए जाने वाले बीमा में कमीशन दिया जाएगा। इस तरह से महिलाओं की बीमा के क्षेत्र में भागीदारी बढ़ेगी। वे लोगों से ज्यादा पॉलिसी करवाकर आमदन बढ़ा पाएंगे। दसवीं व बारहवीं कक्षा पढ़ी लिखी बहनों को सशझ्त बनाने की दिशा में यह रास्ता खोला है।

### पूर्व विधायक लीला राम ने किया कृष्ण बेदी का स्वागत

पूर्व विधायक लीला राम ने मंत्री कृष्ण बेदी का स्वागत किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में देश विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पानीपत से देश की आधी आबादी के विकास के द्वार खोलने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कैथल हलका से इस आयोजन में हजारों की संख्या में महिलाएं भाग लेंगी। बीमा सखी योजना से महिला सशझितकरण के नए द्वार खुलेंगे। हरियाणा सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में प्रदेश में किसानों की दिशा में सबसे अधिक अच्छे ढंग से काम किया जा रहा है। 24 फसलों पर एमएसपी देने वाला हरियाणा पहला राज्य है।

### ये भी रहे मौजूद

इस मौके पर राजपाल तंवर, जिला महामंत्री सुरेश संधू, जिला मीडिया प्रभारी राज रमन दीक्षित, भीम सेन अग्रवाल, एडवोकेट राजबीर कादयान, हिमांशु गोयल, शक्ति सौदा, बलविंदर जांगड़ा आदित्य भारद्वाज हरि चंद जांगड़ा, सुरेश क्योडक, श्रवण कौशिक, वीरेंद्र बत्रा, सतपाल भारद्वाज, सुरेश जांगड़ा, रमनदीप कौर, ज्योति सैनी, प्रवीण प्रजापति, गोपाल सैनी, पदम भाटी, प्रदीप भट्ट, जितेंद्र ठुकराल, अरुण वर्मा, अशोक आर्य, उदय गौरा, बलवान गौरा, पार्षद मुनीष शर्मा फरल, पार्षद प्रतिनिधि श्रवण शर्मा देवबन, अरुण कुमार, सुमित कुमार, रामानंद शर्मा, सतबीर भारद्वाज आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जगह-जगह पाइपलाइन में लीकेज होने से प्रदूषित पानी की हो रही आपूर्ति

■ जालौन-उरई

नगर में जगह-जगह पाइपलाइन में लीकेज है। लीकेज के कारण जहां लोगों के घरों में पानी कम पहुंच तथा गंदा पहुंच रहा है। इसके साथ ही पानी की बर्बादी हो रही है। समाजसेवियों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर पाइपलाइन को दुरुस्त कराने की मांग की है।

नगर में जगह जगह पाइपलाइन में लीकेज है। पाइपलाइन में लीकेज होने के कारण पानी बर्बाद हो रहा है। इसके ही लोगों के घरों में गंदा पानी पहुंच रहा है। सड़कों पर पानी बहने के कारण सड़क खराब हो रही है। वार्ड 7 सभासद प्रतिनिधि इरफान खान के नेतृत्व में समाजसेवियों ने उपजिलाधिकारी विनय मोर्य को मांग पत्र देकर बताया कि वार्ड सात में इरफान डाक्टर के मकान से छिद्दे के मकान तक लम्बे समय से पाइपलाइन क्षतिग्रस्त है। पाइपलाइन ध्वस्त होने के कारण आसपास के घरों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है तथा कई घरों में गंदा पानी आ रहा है। इसके साथ ही चुर्खी रोड पर जगह जगह लीकेज है जिसके कारण सड़क पर पानी बह रहा है। महीनों से पानी की बर्बादी हो रही है तथा लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंच रहा। सड़कों पर पानी बहने के कारण सड़क बर्बाद हो रहा है। समाजसेवियों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर मांग की है कि नगर में जगह जगह लीकेज को ठीक कराया जाये जिससे पानी की बर्बादी रूक सके, लोगों के घरों में स्वच्छ जल पहुंच जाये तथा सड़कों की बर्बादी रूक सके। इस मौके पर अशफाक राईन, अब्दुल कय्यूम, हाजी सिद्दीकी, नाजिर हसन आदि लोग मौजूद रहे।

# कब्जा हटाने की बात कहने पर मारपीट व जान से मारने की दी धमकी

■ जालौन-उरई

गांव की जमीन पर परिवार के ही लोगों ने जबरन कब्जा कर लिया है। कब्जा हटाने की बात कहने पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देते हैं। पीड़िता ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सारंगपुर निवासी स्वाति देवी हाल निवासी उरई ने पुलिस को बताया कि उनके नाम कुछ जमीन सारंगपुर मौजा में स्थित है। यह जमीन उसे पारिवारिक सहमति से मिली है। इसके अलावा परिवार के पास अन्य अचल संपत्ति है। जिसका आपसी सहमति से बंटवारा हो चुका है। लेकिन उसके हिस्से की जमीन पर परिवार के ही एक व्यक्ति ने जबरन अपना कब्जा जमा लिया है और उस पर कृषि कार्य कर रहे हैं। जब उसे इसकी जानकारी हुई तो उसने कब्जा हटाने के लिए कहा। जिस पर वह उसके साथ गाली, गलौज करने लगे। इतना ही नहीं आइंदा अपना हिस्सा मांगने पर मारपीट व जान से मारने की भी धमकी दी है। पीड़िता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। वहीं, पीड़िता की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# श्रीरामकथा के चौथे दिन कथा व्यास ने राम वनवास की मार्मिक कथा सुनाई

■ जालौन-उरई

श्रीवीर हनुमान बालाजी मंदिर में आयोजित धार्मिक आयोजन के तीसरे सप्ताह में श्रीराम कथा आयोजन चल रहा है। मंदिर परिसर में चल रही श्रीरामकथा के चौथे दिन कथा व्यास ने राम वनवास की मार्मिक कथा सुनाकर लोगों की आंखों में छलकी आयी आंखे।

कथा व्यास मथुरा से आये पं. ब्रजमोहन दीक्षित ने चौथे दिन की कथा सुनाते हुए कहा कि राजा दशरथ चाहते हैं कि श्रीराम का राज्याभिषेक किया जाए और अपने गुरु वशिष्ठ से राज्याभिषेक के लिए कहते हैं। इससे देवता व्याकुल हो उठते हैं और माता सरस्वती से प्रार्थना करते हैं कि मंथरा की बुद्धि को भ्रमित कर दे, क्योंकि अगर श्रीराम राज्य के कार्यों में उलझ गए तो राक्षसों का वध कौन करेगा। इसके बाद और कैकेयी-मंथरा का संवाद होता है। मंथरा कैकेयी को राजा द्वारा दिए गए वचनों को याद दिलाती है और कैकेयी राजा दशरथ को जाकर इन्हीं वचनों को याद दिलाती है। वह राम को वनवास और भरत को राज्य सौंपने की जिद करती है। इसके बाद राजा दशरथ दबाव में आकर मान जाते हैं और श्रीराम को न चाहते हुए भी वनवास जाने का आदेश दे देते हैं। राम वनवास की कथा को सुनकर भक्तों की आखें नम हो गईं। इस मौके पर परीक्षित कमलेश महाराज, राजीव विश्नोई, अनुरुद्ध, संजीव, मनीष, अंजनी, अमित, प्रखर, अनिल, मगन आदि श्रोता उपस्थित रहे।

# ग्राम रवा में श्रीराम महायज्ञ समापन के अवसर पर हुआ कवि सम्मेलन का आयोजन

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत चौदह कन्याओं को विदा किया गया



■ कोंच

तहसील क्षेत्र के ग्राम रवा में आयोजित श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीराम कथा महोत्सव के समापन अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।कृभको अध्यक्ष पूर्व सांसद डॉ. चंद्रपाल सिंह यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में कृभको अध्यक्ष ने सभी कवियों को अंगवस्त्र ओढाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति हो रामायण और रामकथा के माध्यम से अपने जीवन को अच्छे ढंग से जी सकता है। देवेंद्र नटखट, रिपुसूदन नामदेव, नेहा चाचरा, सत्यप्रकाश ताम्रकार, मनोहर निरंजन, संजीव दुवे आदि कवियों ने हास्य, वीररस, करुणा रस से ओतप्रोत कविताओं का पाठ कर खूब वाह वाही लूटी पूरा पंडाल तालियो की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा।कवि सम्मेलन का संचालन कवि अर्जुन सिंह चांद ने किया। एमएलसी रमा आरपी निरंजन ने डॉ. चंद्रपाल सिंह यादव सहित अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।वहीं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन भी किया गया जिसमें चौदह कन्याओं के हाथ पीले कर उन्हे विदा किया गया। एमएलसी रमा निरंजन ने नव युगलों को आशीर्वाद दिया। इस दौरान रेशमा भेंड़ संग मंगल जालौन, भावना घिलोर संग वीरसिंह भिंड, पूजा पजौनिया संग सूर्य कुमार गोबर्धनपुरा, पूजा पजौनिया संग विकास कुमार जालौन, निशा रवा संग सत्येंद्र लोहागड़, खुशबू कैलिया बुजुर्ग संग प्रदीप कुमार वर्मा उरई, पिंकी माधौगढ़ संग हरिमोहन बड़ोखरी, अंजली सिवनी बुजुर्ग संग इंद्रवीर सिंह रहमतपुरा, बबली कदौरा संग राघवेंद्र डीहा, विंदिया कुमारी उरई संग दीपक बाबू उरई, राधा कुशवाहा संदी संग रोहित कुरकुरू, राखी रवा संग श्यामू बरहल, संध्या अमखेड़ा संग कोमल सिंह खितौली, दीप्ती मींगनी संग अनूप रावतपुरा ने सात फेरे लिए। इस अवसर पर सभी नव युगलों को शासन द्वारा अनुमन्य उपहार और राशि भी प्रदान किए गए। इसके अलावा यज्ञ आयोजन समिति की ओर से भी हर जोड़े को उपहार प्रदान किए गए। इस अवसर पर बीडीओ नदीगांव मानूलाल यादव, बीडीओ कोंच सर्वेश कुमार रवि आदि मौजूद रहे।

उधर महायज्ञ समापन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। डीपीएन पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने लघु नाटिकाओं के माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियों पर करारा प्रहार करते हुए समाज को सकारात्मक संदेश देने का सफल प्रयास किया। अनुष्का याज्ञिक, रक्षा, नित्या पटेल, दीक्षा, हर्षिता, प्रिंसी, हिमांशी, आराध्या आदि ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और नारी सशक्तिकरण को लेकर शानदार प्रस्तुति दी। व्यसन राज नाटिका के माध्यम से नैतिक, प्रियांशु, मनमोहन, सूर्यांश, सौम्या केशवेंद्र, कृष्णा ने शराब, जुआ, ड्रग्स, तंबाकू आदि व्यसनों को छोड़ने की अपील की।



# एसडीएम ने किया रैन बसेरा का निरीक्षण




■ जालौन-उरई

गरीब व बेसहारा लोगों को सर्दी के मौसम में रात में सुरक्षित रूकने और सर्दी से बचाव के लिए नगर पालिका में रैन बसेरा खोला गया है। गुरूवार को एसडीएम ने रैन बसेरा में व्यवस्थाओं को परखा और आवश्यक निर्देश दिए।

सर्दी के मौसम में गरीब और बेसहारा लोगों को रात काटने में दिक्कत न हो इसके लिए नगर पालिका परिसर में मुख्य गेट के बगल में रात में ठहरने के लिए रैन बसेरा खोला गया है। गुरूवार को एसडीएम विनय कुमार मौर्य ने नगर पालिका में खोले गए रैन बसेरा का निरीक्षण किया। एसडीएम के निरीक्षण में कर्मचारियों ने बताया कि रैन बसेरा में सात महिला और सात पुरूषों समेत कुल 14 लोगों के रूकने की व्यवस्था की गई है। रैन बसेरा में पेंटिंग का कार्य किया गया। साथ ही पलंग तकिया, कंबल और गद्दे की भी व्यवस्था की गई है। नगर पालिका परिसर में लघुशंका की भी व्यवस्था है। एसडीएम ने निरीक्षण के बाद निर्देश दिए कि ध्यान रखें कि किसी भी व्यक्ति को सर्दी के मौसम में खुले में रात न काटनी पड़े। इसके लिए रोटेशन में लगातार ड्यूटी लगाई जाए। यदि कोई बाहर खुले में रात काटता हुआ मिले तो उसे रैन बसेरा में पहुंचाएं। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# निर्माणाधीन और अस्थायी गौशाला का किया निरीक्षण



■ उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने आज नगर पंचायत कोटरा में निर्माणाधीन गौशाला और अस्थायी गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन गौशाला का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि सभी कार्य 15 दिन के भीतर पूर्ण कर लिए जाएं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि समय पर कार्य न होने पर संबंधित कार्यदायी संस्था और ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके बाद, अस्थायी गौशाला में मौजूद गोवंशों के लिए पानी की शेड का निरीक्षण किया। पानी की शेड नीचे होने पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दो दिन के भीतर इसे ऊपर किया जाए ताकि गौवंशों को पानी पीने में कोई परेशानी न हो। साथ ही, उन्होंने गौशाला में गोवंशों के लिए हरे चारे, भूसे और चोकर की व्यवस्था न होने पर नाराजगी जताई। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए कि गोवंशों के लिए सभी जरूरी खाद्य सामग्री की व्यवस्था तुरंत की जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि 15 दिन में निर्माणाधीन गौशाला का कार्य पूरा कर लिया जाएगा और जल्द ही गौशाला में गोवंशों को स्थानांतरित किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल, जिला विकास अधिकारी रामेन्द्र चौबे, अधिशासी अधिकारी चैयरमेन आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# कोटरा में जन चौपाल लगाकर सुनी समस्यायें

■ उरई

नगर पंचायत कोटरा में सरकार आपके द्वार गांव की समस्या गांव में समाधान के तहत जन चौपाल लगाकर जन समस्याएं सुनी। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा ग्रामीणों से सीधे संवाद कर नगर पंचायत में हुए कार्यों का सत्यापन किया। नगर पंचायत में हैंडपंप, नाली, खड़ंजा, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेंशन, महिला सम्मान, महिला सुरक्षा, महिला सशक्तीकरण आदि व्यवस्थाओं के बारे में नगर वासियों से जानकारी ली। नगर वासियों द्वारा पेयजल की समस्या नारी वार्ड में साफ सफाई व आसरा कॉलोनी में विद्युत कनेक्शन न होने की समस्या रखी। जिलाधिकारी ने कहा कि आप द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, नारी सशक्तिकरण, साफ सफाई, पानी निकासी, पेयजल आदि बिंदुओं पर शिकायत व सुझाव प्राप्त हुए हैं, उसके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है। आज सभी अधिकारी मौक़े पर ही जन समस्याओं व शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण कर समाधान करेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का बिना किसी भेदभाव के सभी पात्रों को लाभान्वित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि गौ संरक्षण और गोवंशों की देखभाल अच्छे से करें। कोई भी गौवंश निराश्रित न घूमे, इसके लिए कैटल कैचर के माध्यम से पकड़कर संबंधित गौशाला में संरक्षित करें। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त, जीरो टॉलरेंस नीति के तहत विकास कार्य गुणवत्तापरक और पारदर्शी तरीके से कार्य कराए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास के तहत पात्र लाभार्थियों की सूची बनाई जाएगी और ग्राम पंचायत पर चस्पा भी की जाएगी जिसमे पात्र लाभार्थी अपना नाम देख सकते है, अगर सूची में कोई भी आपत्ति होती है तो लिखित तौर पर आपत्ति दर्ज कराये। जिसका निराकरण करने के उपरान्त ही अंतिम सूची होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को पारदर्शिता के साथ लाभार्थियों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समस्याओं का समाधान करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मा0 मुख्यमंत्री जी के सख्त निर्देश है कि समस्या का गुणवत्तापरक निस्तारण हो, शिकायतकर्ता की समस्या का समाधान हो जाये तभी शिकायत अंतिम रूप से निस्तारित मानी जायेगी।



पुलिस अधीक्षक द्वारा नगर वासियों को कहा कि हर व्यक्ति की सुरक्षा और हर समस्या का हर संभव निदान किया जाएगा। केंद्र राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा जा रहा है।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/सदर उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल, जिला विकास अधिकारी रामेंद्र चौबे, अधिशासी अधिकारी उमाकांत अध्यक्ष सिया शरण व्यास आदि सहित संबंधित अधिकारी व वार्ड सभासद मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने प्राथमिक विधालय व पुस्तकालय का किया निरीक्षण

■ उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने आज नगर पंचायत कोटरा में स्थित प्राथमिक विद्यालय और स्वर्गीय बाबू मूलचन्द्र अग्रवाल पुस्तकालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था और पुस्तकालय में बच्चों द्वारा किए जा रहे अध्ययन की स्थिति का जायजा लिया। प्राथमिक विद्यालय में जिलाधिकारी ने सबसे पहले बच्चों को दी जा रही शिक्षा पर जानकारी ली। उन्होंने विद्यालय के अध्यापकों से बातचीत की और





विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर की समीक्षा की। इसके बाद, उन्होंने कक्षा 2, 3 और 4 के छात्रों से 17 और 19 के पहाड़े सुने। बच्चों द्वारा सही पहाड़े सुनने पर जिलाधिकारी ने उनकी सराहना की और पीठ थपथपाई, जिससे बच्चों में उत्साह का संचार हुआ। इसके बाद, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने स्वर्गीय बाबू मूलचन्द्र अग्रवाल पुस्तकालय का निरीक्षण किया, जहां कुछ बच्चे पुस्तकें पढ़ रहे थे। इस दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों से सवाल-जवाब किए और उनकी अध्ययन प्रक्रिया का मूल्यांकन किया। जिलाधिकारी ने पुस्तकालय प्रबंधन को निर्देशित किया कि बच्चों के लिए सीसीटीवी कैमरा और वाई-फाई की सुविधाएं भी प्रदान की जाएं ताकि वे अधिक सुविधा से पढ़ाई कर सकें। जिलाधिकारी ने पुस्तकालय की उपयोगिता को बढ़ाने और बच्चों को बेहतर अध्ययन वातावरण देने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्राथमिक विद्यालय में शौचालय की साफ सफाई न होने पर निर्देशित किया कि प्रतिदिन शौचालय की सफाई कराई जाए। वहां पर लगे वाटर कूलर में पानी की टोंटी न होने पर त्वरित सही कराने हेतु निर्देशित किया।

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी रामेन्द्र चौबे, बेसिक शिक्षा अधिकारी चन्द्र प्रकाश आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# एसडीएम ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय का किया निरीक्षण

■ कोंच



उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह ने विकास खंड कोंच क्षेत्र के ग्राम जमरोही खुर्द स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण करने पहुंची जहाँ उन्हें स्कूल परिसर के रास्तों में बैठकर बच्चे पढ़ते हुए मिले। नियुक्त 3 शिक्षकों में से 1 शिक्षक ही मौजूद मिला। बताया गया कि 2 अन्य शिक्षक अवकाश पर हैं। पंजीकृत बच्चों में करीब 10 बच्चे हुए मौके पर मौजूद पाए गए। जर्जर स्कूल भवन के नजदीक ही निर्माणाधीन नए भवन में वाकी पड़े काम को जल्द से जल्द पूरा किये जाने के एसडीएम ने निर्देश दिए। वही एसडीएम ने ग्राम हरदुआ में संचालित गौशाला का भी निरीक्षण कर एकत्रित गौवंशों के लिए भूसा चारा पानी की उपलब्धता सहित सर्दी से बचाव के इंतजाम देखे। साफ़ सफ़ाई व्यवस्था और बीमार होने वाले गौवंशों के इलाज हेतु उन्होंने प्रधान व सचिव को निर्देश दिए।



बुधवार को दिल्ली में केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल के आवास पर 'स्नेह मिलन' रात्रिभोज में शामिल हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ।

# जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिलाने के लिए लड़नी होगी बड़ी लड़ाई : उमर

● श्रीनगर,

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उन्हें जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिलाने के लिए बड़ी लड़ाई लड़नी होगी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उन्होंने लोकसभा तथा विधानसभा चुनावों के दौरान लोगों से किए गए वादों को पूरा करने का आग्रह किया।

अब्दुल्ला ने इस बात पर जोर दिया कि लोकसभा और विधानसभा चुनावों के दौरान प्रधानमंत्री ने राजनीतिक नेताओं को नहीं बल्कि सीधे जम्मू-कश्मीर के लोगों को आश्वासन दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें अभी एक बड़ी लड़ाई लड़नी है और वह लड़ाई जम्मू-कश्मीर को एक राज्य के रूप में अपना दर्जा वापस दिलाने के लिए है। प्रधानमंत्री ने लोकसभा और विधानसभा चुनावों के दौरान हमसे नहीं बल्कि जम्मू-कश्मीर की आवाम से राज्य का दर्जा दिलाने का वादा



किया था। अब्दुल्ला ने श्रीनगर में शेर-ए-कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के स्थापना दिवस के मौके पर संवाददाताओं से कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों ने इन चुनावों में बिना किसी दबाव के स्वेच्छा से मतदान किया है और उन्होंने ऐसा इस उम्मीद के साथ किया कि ये वादे, खासकर राज्य का दर्जा बहाल करने के वादे पूरे होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने महाराष्ट्र और झारखंड (इन राज्यों में विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए) में अपनी प्रतिबद्धताओं में व्यस्त थे और अब थोड़ी व्यस्तता से मुक्त हुए हैं और अब वे बातचीत करेंगे ताकि जम्मू-कश्मीर को जल्द से जल्द राज्य का दर्जा मिल सके।



गुरुवार को नई दिल्ली में संसद भवन परिसर में सांसद हेमा मालिनी।

## सार संक्षेप

### आईएमडीबी की लिस्ट में तृप्ति डिमरी सबसे लोकप्रिय भारतीय स्टार बनीं



**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी इस वर्ष आईएमडीबी की लिस्ट में सबसे लोकप्रिय भारतीय स्टार बन गयी हैं। फिल्मों टीवी और मशहूर हस्तियों के बारे में जानकारी के लिए दुनिया के सबसे लोकप्रिय और आधिकारिक स्रोत आईएमडीबी ने 2024 के शीर्ष 10 सबसे लोकप्रिय भारतीय अभिनेताओं की घोषणा की, जो दुनिया भर में आईएमडीबी के 250 मिलियन से अधिक मासिक दर्शकों के वास्तविक पेज व्यू द्वारा निर्धारित किए गए हैं। तृप्ति डिमरी आईएमडीबी की लिस्ट में टॉप पर है। आईएमडीबी इंडिया की प्रमुख यामिनी पटोदिया ने कहा, आईएमडीबी की 2024 की सबसे लोकप्रिय भारतीय अभिनेताओं की सूची भारतीय मनोरंजन के गतिशील परिदृश्य को दर्शाती है, जिसमें स्थापित आइकन और उभरती प्रतिभाओं का मिश्रण है।

### 'पाकिस्तान पुतिन का स्वागत करने के लिए तैयार'

**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान के ऊर्जा मंत्री सरदार लेघारी ने कहा है कि पाकिस्तान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का स्वागत करने के लिए तैयार है। आरआईए नोवोस्ती ने गुरुवार को यह जानकारी दी। लेहारी ने कहा कि जब कभी राष्ट्रपति पुतिन पाकिस्तान आना चाहें, हमें उनसे मिलकर खुशी होगी। मुझे विश्वास है कि दोनों देशों के नेता उपयुक्त समय पर एक दूसरे देश की यात्राएं करेंगे। दिसंबर की शुरुआत में रूस की राजधानी मॉस्को में रूसी-पाकिस्तानी अंतर सरकारी आयोग की एक बैठक हुई थी। पाकिस्तान की ओर से लेघारी इसके सह अध्यक्ष हैं जबकि रूस की ओर से ऊर्जा मंत्री सर्गेई सिविलेव इसके सह अध्यक्ष हैं।

### आठवीं पुण्य तिथि पर याद की गई जयललिता

**चेन्नई:** तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री एवं अन्नाद्रमुक सुप्रीमो जे जयललिता को उनकी आठवीं पुण्य तिथि पर गुरुवार को पूरे राज्य में श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। अन्नाद्रमुक महासचिव एवं विपक्ष के नेता एडप्पादी के पलानीस्वामी ने वरिष्ठ नेताओं और पूर्व मंत्रियों के साथ चेन्नई में मरीना बीच के सामने उनके स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### तेलंगाना में रेड्डी ने लॉन्च किया इंदिराम्मा इलू मोबाइल ऐप

**हैदराबाद:** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने राज्य के लोगों के लिए आवास योजनाओं को सुव्यवस्थित करने को लेकर गुरुवार को 'इंदिरम्मा इलू मोबाइल ऐप' लॉन्च किया। रेड्डी ने कहा कि उन्होंने लाभार्थियों की सुविधा, योग्य लोगों को इंदिराम्मा घर प्रदान करने और प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए ऐप लॉन्च किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महत्वाकांक्षी आवास योजना के कार्यान्वयन में कोई त्रुटि न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाभार्थियों को उनकी सामर्थ्य के अनुसार घर बनाने का अवसर प्रदान किया जाता है।

# जहांगीर का भारत विरोधी बयान


## कहा : बांग्लादेश में नहीं बल्कि भारत में तैनात हो शांति सेना

### 9 और 10 दिसंबर को होने वाली फॉरेन ऑफिस कन्सलटेशन में हिस्सा लेंगे मिस्री

● ढाका, एजेंसी

भारत-बांग्लादेश में बढ़ते तनाव के बीच बांग्लादेश के गृह मंत्री जहांगीर आलम चौधरी ने भारत विरोधी बयान दिया है। चौधरी ने कहा कि यूनाइटेड नेशंस पीस कीपिंग फोर्स (शांति सेना) को बांग्लादेश में नहीं बल्कि भारत में तैनात किया जाना चाहिए। उनका यह बयान पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी की बांग्लादेश में पीस कीपिंग फोर्स तैनात करने की मांग के बाद आया है, जिसमें उन्होंने पीएम मोदी से बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए व्यक्तिगत हस्तक्षेप करने की अपील की थी। इसी बीच भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री अगले हफ्ते ढाका जा सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मिस्री दोनों देशों के बीच 9 और 10 दिसंबर को होने वाली फॉरेन ऑफिस कन्सलटेशन (एफओसी) में हिस्सा लेंगे।

5 अगस्त को शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद यह पहली बार होगा जब भारत का कोई बड़ा अधिकारी बांग्लादेश का दौरा करेगा। बांग्लादेश के विदेश सलाहकार तौहिद हुसैन ने बताया कि एफओसी 10 दिसंबर को होनी थी, लेकिन अब यह



9 दिसंबर को हो सकती है। बैठक में बांग्लादेशी विदेश सचिव मोहम्मद जशीम उद्दीन भी शामिल होंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिकएफओसी की बैठक में शेख हसीना के प्रत्यर्पण और वीजा से जुड़े मुद्दों पर द्विपक्षीय बातचीत हो सकती है। हालांकि भारतीय विदेश मंत्रालय ने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है। शेख हसीना पर बांग्लादेश इंटरनेशनल क्राइम ट्रिब्यूनल में केस चल रहा है। वे जुलाई और अगस्त में हुए विरोध के दौरान नरसंहार की आरोपी हैं। 5 अगस्त को सरकार गिरने के बाद से वहां से भागकर भारत आ गई थी, जिससे दोनों देशों में तनाव बढ़ गया। हाल ही में हिंदू धर्म गुरु चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी की बाद यह तनाव और बढ़ गया है। भारत और बांग्लादेश के बीच हर साल होने वाली उच्च स्तरीय वार्ता है। इसमें दोनों देशों के बीच वीजा, पॉलिसी, व्यापार और दूसरे मुद्दों पर बातचीत होती है। पिछले साल यह मुलाकात 24 नवंबर को दिल्ली में हुई थी। इसमें भारत की तरफ से तत्कालीन विदेश सचिव विजय मोहन क्वात्रा और बांग्लादेश की तरफ से मसूद बिन मोमेन शामिल हुए थे। इसमें सीमा सुरक्षा, व्यापार और भारत बांग्लादेश के बीच संबंधों को मजबूत करने जैसे मुद्दों पर बातचीत हुई थी। उस समय यह तय हुआ था कि अगली मुलाकात बांग्लादेश में होगी। बांग्लादेश की पूर्व शेख हसीना ने रविवार को न्यूयॉर्क में हुई एक कॉन्फ्रेंस को वर्चुअली संबोधित किया था। इस संबोधन में हसीना ने चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस पर नरसंहार का आरोप लगाते हुए हमला किया था। अब बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्यूनल ने हसीना के इस संबोधन पर बैन लगा दिया है। अपने आदेश में ट्रिब्यूनल ने मीडिया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से हसीना के संबोधन को हटाने के लिए कहा है। बांग्लादेश में यूनुस सरकार के दावों के बावजूद हिंदुओं व अल्पसंख्यकों पर हमले थम नहीं रहे हैं। मंगलवार देर रात सुमनगंज जिले में कट्टरपंथियों की भीड़ ने हिंदुओं के घरों पर हमला किया।

# 'निर्माण में गड़बड़ी करने पर ठेकेदारों को बख्शा नहीं जाएगा'

### दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे देश का सबसे लंबा राजमार्ग है: गड़करी कहा - गुणवत्ता को लेकर कोई समझौता नहीं किया गया जाएगा



● नई दिल्ली,

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में गुरुवार को कहा कि राजमार्गों के निर्माण में कमी को लेकर सरकार गंभीर है और इसमें गड़बड़ी करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

गडकरी ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे देश का सबसे लंबा राजमार्ग है। इस एक्सप्रेस वे से लोग दिल्ली से 12 घंटे में मुंबई पहुंच सकेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ जगहों पर सड़कें धंस गई है, लेकिन नीचे की सतह सही है और इसमें सही सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। इस मार्ग की मरम्मत की दस साल की जिम्मेदारी ठेकेदार के पास है। उन्होंने कहा कि सड़कों की कमी आने पर चार ठेकेदारों को जिम्मेदार ठहराकर उनको नोटिस दिया गया है और कार्रवाई की जाएगी। किसी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता को लेकर कोई समझौता नहीं किया गया जाएगा। गडकरी राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के हनुमान बेनीवाल की ओर से पूछे गये प्रश्न का जवाब दे रहे थे। हनुमान बेनीवाल ने कहा कि कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे की तकनीकी खराबी के कारण दुर्घटनाएं हुई है, जिसमें करीब 150 लोगों की जान गई है। गडकरी ने एक अन्य पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि राजमार्गों पर होने वाली दुर्घटनाओं को कम करने को लेकर सरकार प्रतिबद्ध है। इसमें लोगों को भी सहयोग करने की जरूरत है। लोगों को नियम और कानून का पालन करना चाहिए।

### दूषित पानी पीने से तीन लोगों की मौत

**चेन्नई:** तमिलनाडु में चेन्नई के उपनगर पल्लवरम में गुरुवार को कथित तौर पर दूषित पानी पीने से तीन लोगों की मौत हो गई और 23 अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक उल्टी और चक्कर आने की शिकायत के बाद 23 लोगों को पल्लवरम और क्रोमपेट सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि मौतें दूषित पानी के कारण हुई क्योंकि हाल ही में चक्रवाती बारिश के कारण सीवर का पानी पीने के पानी में मिल गया था। इस बीच राज्य के सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री टी एम अनबरसन ने अस्पताल का दौरा किया और पीड़ितों से मुलाकात की। उन्होंने पानी के दूषित होने की आशंका से इनकार किया और कहा कि यह भोजन विषाक्तता के कारण हो सकता है।

### 'बिल्ले लगाकर सदस्य सदन में न आए'

**नई दिल्ली:** लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को कहा कि कोई सदस्य बिल्ले लगाकर सदन में न आये। बिरला ने कहा कि नियम 349 के अनुसार किसी सदस्य को सदन में बिल्ले लगाकर नहीं आना चाहिये। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज के अलावा कोई भी सदस्य अन्य बिल्ले या बैच लगाकर सदन में नहीं आ सकता। अध्यक्ष ने कहा कि ऐसा करना चाहे कोई सत्ता पक्ष का या विपक्ष का सदस्य हो, वह सभी को बिल्ले लगाने से मना करेंगे। उन्होंने आग्रह किया कि कोई सदस्य राष्ट्रीय ध्वज के अलावा कोई अन्य बिल्ले लगाकर सदन में नहीं आये। गौरतलब है कि कांग्रेस सदस्य काले रंग की जैकेट पहन कर सदन में आये थे, जिसके पीछे लिखा था कि मोदी अडानी एक हैं, अडानी सेफ है।

### परमाणु संयंत्रों की सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध

**नई दिल्ली:** सरकार ने गुरुवार को राज्यसभा में कहा कि देश के परमाणु संयंत्र पूरी तरह से सुरक्षित है और उनकी निगरानी तथा निरीक्षण नियमित अंतराल पर निरंतर जारी रहता है। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि किसी भी परमाणु संयंत्र की स्थापना और संचालन में 'सुरक्षा प्रथम और उत्पादन बाद में' का मंत्र अपनाया जाता है। उन्होंने बताया कि देश के सभी परमाणु संयंत्रों की स्थापना में बाहरी खतरों का ध्यान रखा गया है और वे विदेशी भूमि से सैंकड़ों किलोमीटर की दूरी पर है। संयंत्रों की सुरक्षा में राडार तथा प्रक्षेपास्त्रों की तैनाती भी की गयी है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्ष में सभी परमाणु संयंत्रों का 1000 बार लघु सर्वेक्षण किया गया है।




गुरुवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने हैदराबाद के सचिवालय में तेलंगाना के लोगों के लिए आवास योजनाओं को सुव्यवस्थित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम 'इंदिरम्मा इलू मोबाइल एप्लिकेशन' लॉन्च किया।

# किसानों को रोकना अलोकतांत्रिक : हुड्डा

● चंडीगढ़,

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने गुरुवार को कहा कि किसानों ने सरकार के बात मानते हुये बिना ट्रैक्टर-ट्राली के दिल्ली जाने की बात मान ली है, ऐसे में उनको रोकना पूरी तरह अलोकतांत्रिक है।

हुड्डा ने अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सभी को प्रजातंत्र में शांतिपूर्ण तरीके से कहीं भी आने-जाने या अपनी बात कहने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि पिछली बार आंदोलन खत्म करवाते हुये सरकार ने न्यूनतम समर्थ मूल्य (एमएसपी) के लिये बाकायदा एक कमेटी बनाने का ऐलान किया था, लेकिन इतना लंबा समय बीत जाने के बाद भी किसानों के हाथ खाली हैं और वह सरकार को उसका वादा याद दिलाने के लिए दिल्ली



जाना चाहते हैं। हुड्डा ने आरोप लगाया कि भाजपा किसानों को बिजाई के समय डीएपी, सिंचाई के समय यूरिया और कटाई के समय एमएसपी देने में हमेशा नाकाम साबित हुई है। यही वजह है कि बार-बार अपनी मांगों को लेकर किसानों को आंदोलन करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार विज्ञापनों में 24 फसलों पर एमएसपी देने की बात कहती है, जबकि सच्चाई यह है कि हरियाणा में कुल 24 फसलें होती ही नहीं हैं और जो फसलें होती हैं, उन पर भी किसानों को कभी एमएसपी नहीं मिलती। धान का उदाहरण सभी के सामने है। चुनाव के समय मुख्यमंत्री ने किसानों को 3100 रु धान का दाम देने का ऐलान किया था लेकिन चुनाव के बाद सरकार अपने वादे को भूल गई और किसानों को एमएसपी तक नहीं मिल पाई। कांग्रेस नेता ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को संभल जाने से रोकने को भी आलोकतंत्रिक करार दिया है। उन्होंने कहा कि प्रजातंत्र में विपक्ष की एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है और उसकी बात को सुना जाना चाहिए। राहुल गांधी अकेले पीड़ित परिवारों से मिलने जाना चाहते थे। बावजूद इसके उनको रोकना पूरी तरह उनके संवैधानिक अधिकारों की अवहेलना है।

# भारतीय वायुयान विधेयक पर संसद की मुहर

## अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्थाओं के अनुरुप देश के उड्डयन को बनाने की जरुरत: नायडु

● नई दिल्ली,

राज्यसभा ने गुरुवार को भारतीय वायुयान विधेयक 2024 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इसके साथ इसपर संसद की मुहर लग गयी। लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुकी है।

नगर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडु ने सदन में भारतीय वायुयान विधेयक 2024 पर दो दिन में लगभग छह घंटे तक चली चर्चा का जवाब देते हुए कि विधेयक का नाम भारतीय भाषाओं के अनुरूप है। देश में विमानन क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है। देश के विकास के साथ इस क्षेत्र में भी वृद्धि हो रही है। देश में नये हवाई अड्डे बनाये जा रहे हैं। यह विधेयक भारतीय वायुयान अधिनियम 1934 का स्थान लेगा। नायडु ने कहा



कि उडान योजना ने देश में नागरिक उड्डयन क्षेत्र के परिदृश्य में भारी बदलाव हो रहा है। अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्थाओं के अनुरुप देश के उड्डयन को बनाने की जरुरत है। इसलिए यह विधेयक लाया गया है। विधेयक में यात्रियों की सुरक्षा और सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। इसमें यात्रियों की निजता बनाये रखने का प्रबंध किया गया है। उन्होंने कहा कि ड्रोन के परिचालन और संचालन को भली भांति परिभाषित किया गया है। सरकार का उद्देश्य विमानन क्षेत्र का विकास करना है और इसमें निजी क्षेत्र का सहयोग लिया जा रहा है। यह विधेयक केंद्र सरकार को वायुयान निर्माण, डिजाइन, मेंटेनेंस, स्वामित्व, उपयोग, परिचालन, बिक्री, निर्यात और आयात पर पूरा नियंत्रण प्रदान करता है। वायुयान से जुड़े अन्य मामलों में भी नियमन और नियंत्रण का अधिकार केंद्र सरकार का होगा। विधेयक में विमान को खतरनाक तरीके से उड़ाने, विमान में हथियार या विस्फोटक ले जाने, हवाई अड्डों के पास कूड़ा-कचरा फैलाने या जानवरों का वध करने को अपराध माना गया है। इन अपराधों के लिए तीन साल तक की कैद, एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। भारतीय जनता पार्टी के बृजलाल ने कहा कि मोदी सरकार अंग्रेजों के जमाने का कानूनों को रद्द कर रही है या उसके स्थान पर नया कानून बना रही है। इसी क्रम में 1934 के पुराने विमानन कानून के स्थान पर अब भारतीय वायुयान विधेयक 2024 लाया गया है जो इस क्षेत्र की वर्तमान जरूरतों को ध्यान में रखते हुये तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि जब देश को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है तो विमानन क्षेत्र को भी विकसित भारत के अनुरूप विकसित करने की जरूरत है। इसलिए यह विधेयक लाया गया है।



गुरुवार को ओडिशा के भुवनेश्वर में ओडिशा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल हुई भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु।

संपादकीय

# बंगलादेश में हिंदू

बांग्लादेश में हिंदुओं की खिलाफ हिंसा जारी है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। किसी भी देश के अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सरकार के साथ ही वहां के बहुसंख्यकों की भी होती है। अगर किसी देश में अल्पसंख्यकों प्रताड़ित किया जाता है, उसकी निंदा होनी चाहिए। दुनिया को भी उस पर दबाव डालना चाहिए कि ऐसा न करे। लेकिन ऐसा होता नहीं है। बस बयानबाजी करके काम चला लिया जाता है। बंगलोदश में जो कुछ हो रहा है, उसका संज्ञान भारत सरकार को लेना चाहिए। लेकिन भारत सरकार पर सिर्फ रूटीन बयानबाजी कर रही है। बंगलादेश के हालात पर अमेरिका ने भी दुख जताया है। 3 दिसंबर को अमेरिकी कांग्रेसी ब्रैड शर्मन ने एक बयान जारी कर बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से हिंदू अल्पसंख्यकों की रक्षा करने की बात कही। शर्मन ने हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचारों के संबंध में बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद और संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क से जांच की मांग की। शेख हसीना की सरकार जाने के बाद वहां कट्टरपंथियों के हाथ में सत्ता आ गई है। मौजूदा सत्ता पर बंगलादेश को इस्लामिक देश बनाने का दबाव पड़ रहा है। मांग की जा रही है कि संविधान से धर्मनिरपेक्ष और समाजवाद शब्द हटाए जाएं। कुछ ऐसी ही मांग भारत में भी कुछ हिंदूवादी संगठन करते रहते हैं। जब सरकार के साथ ही बहुसंख्यक आबादी का एक वर्ग अल्पसंख्यकों के खलनायक समझने लगे, गड़े मुर्दे उखाड़ कर उन पर सवाल खड़े करने लगे, उनके धार्मिक स्थलों को निशाना बनाना लगे, तो इसे क्या कहना चाहिए? दुर्भाग्य से भारत और बंगलादेश में बहुसंख्यकवाद हावी हो चुका है। अल्पसंख्यकों को दोयम दर्जे का नागरिक बनाने की कोशिश सही नहीं है। कोई भी देश अल्पसंख्यक वर्ग को हाशिए पर डालकर तरक्की नहीं कर सकता। वह चाहे भारत हो, पाकिस्तान हो या बंगलादेश हो। लोकतांत्रिक देशों में धर्म आधारित राजनीति करना सही नहीं है। धर्म के आधार पर बने पाकिस्तान की क्या हालत है, यह दुनिया देख रही है। सच्चाई ये है कि जिस भी देश में अल्पसंख्यक अपने को असुरक्षित महसूस करते हैं या उन पर हमले होते हैं, वह देश सभ्य कहलाने के लायक नहीं हैं। और अल्पसंख्यकों पर हमले को शह देने और हमलावरों को संरक्षण देने वाली सरकारें बर्बर हैं। बंगला देश को संभल जाना चाहिए और अपने अल्पसंख्यकों को सुरक्षा देनी चाहिए।

**जिस देश के अल्पसंख्यक असुरक्षित महसूस करते हैं, वह देश सभ्य कहलाने के लायक नहीं हैं। बंगला देश को अपने अल्पसंख्यकों को सुरक्षा देनी चाहिए।**


पाठकवाणी

## बांग्ला देश का संज्ञान लेना होगा

**वर्तमान** दौर में बांग्लादेश की भयावह स्थिति से उबरने के लिए कनून व्यव्स्था दम तोड़ती नजर आ रही है। हिंदुओं पर अत्याचार , आगजनी, मारना, सताना, मंदिरों में दर्शन हेतु बाधा उत्पन्न करना। पुजारी पंडितों को डराना धमकाना विचारणीय और चिंतनीय है। आखिर बांग्ला देश की सरकार क्या सिद्ध करना चाहती है। खून खराबे और नफरत भरे माहौल में हिंदुओं का भय और पीड़ा जानने वाला कोई नजर नहीं आता। क्या यह उचित है। बांग्ला देश में हिंदुओं की ऐसी दुर्दशा देखकर अमानवीय व्यवहार और क्रूरता का परिचय मिलता है। बांग्लादेश की सरकार को होश हवास में आना होगा और हिंदुओं पर अत्याचार और हिंसा की घटनाओं पर पूर्णत रोक लगाना होगी। किसी देश के विकास में यह घटनाएं विकास को बाधित ही कर सकती है। सरकार मुखिया के समान होती हे और इस तरह का भेदभाव विचारणीय और चिंतनीय लगता है। आखिर बे गुनाह लोगों को कब तक इस हिंसा उपद्रव की आग में जलना होगा? प्रधानमंत्री मोदी को बांग्ला देश की गंभीर परिस्थिति को संज्ञान में लेकर हुंकार भरनी होगी। बांग्ला देश सरकार को दो टूक समझाना होगा। मोदीजी है तो मुमकिन है। निश्चित ही हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री बांग्ला देश में हिंदुओं के बचाव के लिए कारगर रणनीति तैयार करेंगे। जल्द ही इस गंभीर परिस्थिति से मुक्ति दिलाएंगे।

**-योगेश जोशी**, बड़वाह

कुछ खास



वो (योगी आदित्यनाथ) प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं। उन्हें बांग्लादेश की घटना को अयोध्या-संभल जैसा नहीं बताना चाहिए। उनको देखना चाहिए कि प्रशासन क्या कर रहा है। बाबर का ज़िक्र करके एक समुदाय के बारे में कुछ कहना दुर्भाग्यपूर्ण है।

**-इकरा हसन**, सपा सांसद

आज का ट्वीट



''ये समझ नहीं आता कि इतनी मजबूत सरकार के होते हुए भी विदेशी ताकतें अंदरूनी मामलों में हमला कैसे कर देती हैं.. जब दुनिया में डंका बज रहा हो इन ताकतों की हिम्मत कैसे हो जाती है?''

**-राजीव निगम**

साइबरवर्ल्ड

## संभल का सच छिपाती सरकार

**अपनी** पूर्व घोषणा के अनुसार कांग्रेस के नेता राहुल गांधी हिंसाग्रस्त संभल (उत्तर प्रदेश) जाने के लिये बुधवार की सुबह अपनी बहन व सांसद प्रियंका के साथ निकले तो थे, लेकिन तकरीबन डेढ़ सौ किलोमीटर पहले ही गाजीपुर सीमा पर उन्हें रोक दिया गया। उप्र पुलिस ने उन्हें आगे जाने की इजाजत नहीं दी। पिछले दिनों वहां की शाही मस्जिद में सर्वेक्षण को लेकर जो हिंसा हुई थी, उसका सच छिपाने के लिये उप्र तथा केन्द्र की डबल इंजन सरकार इतनी बेताब है कि वह यह भी भूल गयी कि राहुल अब केवल रायबरेली के सांसद या एक पार्टी विशेष के नेता ही नहीं है बल्कि वे लोकसभा में विपक्ष के नेता भी हैं। किसी घटना स्थल का दौरा करना उनका सिर्फ नैतिक कर्तव्य नहीं है वरन यह उनका संवैधानिक अधिकार भी है। यदि सरकार इस हद तक जाती है तो साफ है कि वह संभल का सच छिपाना चाहती है। सत्य के उजागर होने का डर साफ दिखाई पड़ता है। उल्लेखनीय है कि जब कांग्रेस सांसद राहुल गांधी अन्य नेताओं व अपने काफि ले के साथ दिल्ली-गाजीपुर सीमा पर पहुंचे तो वहां तैनात बड़े पुलिस बल ने उन्हें रोक दिया। राहुल की कोई भी बात नहीं मानी गयी और उन्हें आगे जाने की अनुमति नहीं मिली। उन्होंने इस आशय का प्रस्ताव तक दिया कि वे अकेले जाने के लिये तैयार हैं और उनके साथ चाहें तो पुलिस अधिकारी चल सकते हैं। उन्हें बार-बार इस बात की दुहाई दी गयी कि वहां जाने से माहौल और बिगड़ेगा। ह्यऊपर से ही उन्हें न जाने देनेह्ल के आदेश के संकेत तो दिये गये लेकिन ऐसा कोई आदेश दिखाया नहीं गया। अंततः राहुल-प्रियंका को लौट जाना पड़ा। संभल में यदि लोगों से बात होती तो ऐसी ही कई बातें सामने आतीं। वहां की हिंसा को लेकर यदि वास्तविक तथ्य सतह पर आएंगे तो यह भी साफ हो जायेगा कि इस घटना के पीछे किनका हाथ है। साथ ही यह भी पता चल सकता है कि राज्य सरकार की उसमें क्या भूमिका रही है। सत्तारुढ़ भाजपा ऐसा नहीं चाहेगी। यह भी नहीं चाहेगी कि राहुल या अन्य लोग वस्तुस्थिति का जायजा लें। ऐसा हुआ तो वह बेनकाब हो जाएगी।

**-सुरजन पलाश** की फेसबुक वॉल से

# संज्ञान ले सर्वोच्च अदालत

सामयिक



**शाहीन सबा**

**सर्वोच्च न्यायालय को धार्मिक स्थलों की प्रकृति मनमाने ढंग से बदलने वाले मुकदमों के मामलों में अपने स्तर से जरूरी कानूनी कार्रवाई कर देश की समस्त निचली अदालतों को यह निर्देश जारी करना चाहिए कि वे किसी भी धर्म से संबंधित मामलों में पूजा स्थल अधिनियम 1991 यानी प्लेस ऑफ वर्सेस एक्ट 1991 के तहत समुचित कार्यवाही करें।**

आज देश हिंदू-मुस्लिम और धार्मिक आधार पर नफरत की प्रयोगशाला बनता जा रहा है। पिछले दिनों पश्चिम यूपी के संभल की घटना इसका जीता जागता सबूत है। संभल में मुगलकालीन जामा मस्जिद को हिंदू पक्ष द्वारा हरिहर मंदिर बता कर एक मुकदमा सिविल जज की अदालत में दायर किया गया जिसमें न्यायालय ने दूसरे पक्ष को सुनवाई का मौका दिए बिना ही, मस्जिद का सर्वे करके 29 नवंबर तक रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया। वादी पक्ष और प्रशासन की जल्दी और हड़बड़ाहट देखिए कि 19 नवंबर को मुकदमा दायर किया गया और 19 नवंबर को ही सर्वे की कई कार्यवाही शुरू कर दी गई। विपक्ष को इस मुकदमे की समय से सूचना दी गई या नही, इसकी भी कोई जानकारी नहीं है। यहां सवाल उठता है कि आखिर इस मामले में इतनी जल्दी क्या थी?

जानकारी के मुताबिक अभी तक सैकड़ों लोगों के खिलाफ एफआईआर और पांच लोगों की गोलीबारी में मौत हो चुकी है। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना को लेकर सियासी दल आपस में नूरा कुश्ती में लगे हुए हैं। सत्ताधारी दल पुलिस और न्यायालय की कार्यवाही को जायज ठहरा रहा है और इसे विपक्ष की मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति बता रहा है। तो वहीं तमाम विपक्षी दल इसके लिए सरकार और प्रशासन को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। इतने खराब हालात के बावजूद केंद्र सरकार इस मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं, इस मामले पर संसद में चर्चा करने की विपक्ष की मांग को ठुकराया जा रहा है। संभल की यह गंभीर घटना भारत के कानून के शासन, न्यायपालिका की छवि और भारत के संविधान के मर्म पर भयानक हमला है। इसी के साथ-साथ यह भारत की गंगा-जमुनी तहजीब और सांझी संस्कृति पर बहुत बड़ा कुठाराघात है।



दरअसल यहां पर मुकदमा करने वाली पार्टी पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं, जैसे उसका कानून के शासन और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों पर कोई यकीन और भरोसा नहीं है। वह फटाफट न्याय के तरीके अपना कर अपनी सांप्रदायिक इच्छा की पूर्ति करना चाहता है। अगर उसमें न्याय के प्रति जरा भी सम्मान होता तो वह मस्जिद पक्ष को उचित सम्मान और जवाब देने का पर्याप्त समय देता, मगर नहीं, उसे तो अपनी मनमानी और सांप्रदायिक जहर फैलाने के अभियान को आगे बढ़ना था। इस पूरी घटना को देखकर यह पूरी तरह से प्रतीत हो रहा है कि पूरा शासन प्रशासन, डीएम और पुलिस सरकार के इशारे पर नाच रहे हैं। वे जैसे उत्तर प्रदेश सरकार की सांप्रदायिक नफरत भरी मुहिम का मोहरा बन गए हैं। वहां के कमिश्नर का रुख कितना बीमार है, इसे देखिए। वहां का कमिश्नर इसे पहले से ही शांति भंग करने की तैयारी बता रहा है, तो फिर उसने क्या जरूरी उपाय किए? क्या उसने दोनों पक्ष के लोगों को समझाने, बुझाने और शांति बनाए रखने के समुचित कदम उठाए? जी नहीं, उसने ऐसा कुछ भी नहीं किया।

संभल की इस घटना से आहत मेरठ के वरिष्ठ अधिवक्ता मुनेश्वर दयाल त्यागी ने संविधान और कानून के शासन को बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के नाम खुला पत्र लिखकर अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए लिखा है कि संभल की इस घटना से सरकार और शासन प्रशासन की कार्य प्रणाली से देश की पूरी दुनिया में बदनामी हो रही है। भारत के संविधान और कानून के शासन की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं और न्याय के सिद्धांतों को जान बूझकर रौंदा जा रहा है। अगर भारत के इतिहास की ऐतिहासिक और ईमानदारी पूर्ण जांच पड़ताल की जाए तो पता चलता है कि हमारा देश गंगा जमुनी तहजीब और सांझी संस्कृति की बड़ी शानदार भूमि रही है। इस देश को आगे बढ़ाने में हिंदू-मुसलमानों के हीरे मोतियों ने मिल जुलकर काम किया है। हो सकता है पुराने जमाने में कुछ शासकों ने गलतियां और ज्यादतियां की हो। तो क्या उनका बदला, उन शासकों के धर्म को मानने वाली निर्दोष जनता से लिया जाएगा? हमारा मानना है कि ऐसा कदापि नहीं होना चाहिए और इस हिंदू-मुसलमान की नफरत को बढ़ाने वाले अभियान पर तुरंत रोक लगाई जानी चाहिए। तभी जाकर कानून के शासन और भारतीय संविधान के उद्देश्यों और सिद्धांतों को आगे बढ़ाकर उनकी रक्षा की जा सकती है और तब जाकर एक आधुनिक और विकसित भारत का निर्माण किया जा सकता है।

मुनेश त्यागी का कहना है कि सांप्रदायिक ताकतों की राजनीति को किसी भी तरीके से भारतीय संविधान के मूल्यों से खेलने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए। अगर कानून की बात की जाए तो प्लेसिस ऑफ वरशिप एक्ट 1991 यानि पूजा स्थल अधिनियम-1991 की धारा-3 के अनुसार कोई भी व्यक्ति किसी भी धर्म के पूजा स्थल को नहीं बदल सकता। इसी अधिनियम की धारा-4 यह बताती है कि 15 अगस्त 1947 को जिस पूजा स्थल की जैसी स्थिति थी, इस कानून के लागू होने के बाद वैसी की वैसी ही रहेगी। यह सेक्शन आगे कहता है कि यदि इस कानून के लागू होने के बाद कोई मुकदमा, अपील या दूसरी कार्रवाई किसी पूजा स्थल को बदलने के संबंध में किसी अदालत, ट्रिब्यूनल या किसी अधिकारी के समक्ष लंबित हैं तो वह स्वयं ही समाप्त यानि ऐबेट हो जाएगी।

बहरहाल, संभल के हालात के मद्देनजर निश्चित रूप से यह साबित हो रहा है कि इस मामले को आगे बढ़ाकर प्रदेश की शांति व्यवस्था को हिंसा और दंगों के की भेंट चढ़ाने की एक कोशिश हो रही है। सांप्रदायिक नफरत की यह सुनामी देश प्रदेश को बर्बाद कर देगी, संविधान और कानून के शासन को तहस-नहस कर देगी। आज सियासत की सांप्रदायिक नफरती ध्रुवीकरण की मुहिम के कारण, देश पूरी दुनिया में बदनाम हो रहा है। इन परिस्थितियों को देखते हुए मन में विचार आया कि कल को लोग पूछेंगे कि आप पत्रकार हो, परिस्थितियों को नियंत्रित करने के लिए आपने क्या किया? तो कानून के शासन और संविधान को बचाने के लिए एक ही रास्ता बचता है कि इन सब तथ्यों से अवगत कराते हुए, एक लेख लिखा जाए और इस लेख के माध्यम से अपने पाठकों को पूरी घटना और कानूनी प्रावधानों से अवगत कराया जाए ताकि आप जागरूक हो।

देश के अवाम का भारतीय संविधान के मूलभूत सिद्धांतों और कानून के शासन में पूरा विश्वास है और इसे भविष्य में भी सुरक्षित रखा जाना चाहिए। अतः इस मामले पर सर्वोच्च न्यायालय को तत्काल संज्ञान लेते हुए संविधान को बचाने और जनता को न्याय देने के लिए वाजिब और जरूरी आदेश पारित करना चाहिए। धार्मिक स्थलों की प्रकृति मनमाने ढंग से बदलने वाले मुकदमों के मामलों में अपने स्तर से जरूरी कानूनी कार्रवाई कर देश की समस्त निचली अदालतों को यह निर्देश जारी करना चाहिए कि वे किसी भी धर्म से संबंधित मामलों में पूजा स्थल अधिनियम 1991 यानी प्लेस ऑफ वर्सेस एक्ट 1991 के तहत समुचित कार्यवाही करें और किसी भी पक्ष को सांप्रदायिक नफरत फैलाने का मौका ना दें। ऐसा करके ही इस देश की गंगा जमुनी तहजीब, सांझी संस्कृति, कानून के शासन और संविधान की रक्षा की जा सकती है।

अमृतवाणी

## क्रोध और दया

**किसी** गांव में एक पहलवान रहता था, जिसने एक बकरी पाल रखी थी। उसके पड़ोस में एक परिवार रहता था, जिसका एक नौजवान चुपके से पहलवान की बकरी दुह लेता और उसका दूध पी जाता। एक दिन पहलवान की पत्नी ने नौजवान को बकरी दुहते देख लिया। उसने नौजवान से कुछ नहीं कहा लेकिन अपने पति से शिकायत की, तुम इतने बड़े पहलवान हो, पर तुम्हारी बकरी कोई और दुह लेता है और तुम कुछ नहीं कहते। पहलवान उस नौजवान के पिता के पास गया और उसे खूब भला-बुरा कहकर आ गया। लड़के के पिता ने वचन दिया कि उसका लड़का अब कभी उसकी बकरी की ओर आंख उठाकर भी नहीं देखेगा। पिता ने लड़के को समझाया कि वह पहलवान की बकरी न दुहे। लड़का कुछ दिन शांत रहा, पर एक दिन फिर उसने वही हरकत कर दी। इस बार तो पहलवान ने ही देख लिया। पहलवान को सामने पाकर लड़का तेजी से भागा। पहलवान के गुस्से का ठिकाना न रहा। वह एक तेज हथियार लेकर लड़के के पीछे दौड़ा। लड़का अपने घर में घुस गया। लड़के के पिता ने पहलवान को आते देख लिया था। वह समझ गया कि पहलवान काफी क्रोध में है, वह उसके लड़के के साथ कुछ भी कर सकता है। उसने सोचा क्यों न पहलवान के पैरों पर गिरकर माफी मांग ले। लेकिन वह पहलवान की मुद्रा से घबरा रहा था। फिर उसने सोचा, क्यों न ऐसा तरीका अपनाए, जिससे उसके बच्चे की जान भी बच जाए और पहलवान का गुस्सा भी शांत हो जाए। उसने अपने बेटे को घर से बाहर निकाला और पीटने लगा। पहलवान यह देखकर ठिठक गया। कुछ देर देखता रहा। फिर उसके दिल में दया उमड़ आई। उसने पिता को रोकते हुए कहा, अरे, इसे मार ही डालोगे क्या? ठीक है इसने बकरी दुह ली तो क्या हुआ...। पिता रुक गया। पहलवान लौट गया। इस घटना का लड़के पर गहरा असर हुआ। उसने पहलवान की बकरी को कभी हाथ नहीं लगाया।



तीखी नजर

## जाति रे जाति तेरी पहचान क्या है?



सुधाकर आशावादी


किसी ने यूं ही भारत को मदारियों और जादूगरों का देश नहीं कहा। कोई तो विशेषता भारत में रही होगी, जो उसे विश्व में यह पहचान मिली, अन्यथा किसी भी व्यक्ति या राष्ट्र की विशिष्ट पहचान यूं ही नही बना करती। दीर्घकालीन रहन-सहन की परम्पराएं विशिष्ट पहचान बनाने में सक्रिय भूमिका निभाती हैं। सच भी यही है, कहीं जाति प्रजाति की विविधता है, कहीं आदमी को आदमी से बांटने की कला। न जाने कब कौन कैसा विमर्श बुनने लगे। कब मजदूरी करके किसी झोपड़ी में गुजर बसर करने वाले को अगड़ा और सवर्ण घोषित कर दे, कब महलों में विलासिता पूर्ण जीवन जीने वाले किसी दौलत के पुजारी को दलित का खिताब प्रदान कर दे तथा कब पिछड़ा पिछड़ा का राग अलापने वाले किसी खास खानदान को पिछड़ा सम्राट घोषित करके वे सभी सुविधाएं प्रदान कर दे, जिनके लिए आम आदमी जीवन भर तरसता हो।

पता कुछ नहीं कि कौन से शब्द की कौन सी सटीक परिभाषा है। सृष्टि का जब से निर्माण हुआ है, तब से यही सवाल बार बार उछलता रहता है कि मुर्गी पहले आई या अंडा। आदमी आदमी में भी कोई भेद होता है? क्या उसकी भी कोई जाति या प्रजाति होती है? आदमी का आदमी होना ही काफी क्यों नहीं है? आदमी की जाति की क्या पहचान है? कोई ऐसा यंत्र है जो यह सिद्ध करता हो, कि किसी जाति विशेष की शारीरिक संरचना दूसरी जाति से अलग होती है? क्या खास जाति के आंख, कान, आंख, नासिका, मुख एक दूसरे से अलग प्रकार के होते हैं, जैसे अन्य प्राणियों के होते हैं? क्या खास जाति के आदमी के चेहरे पर कोई प्रमाण पत्र चिपका होता है, जिससे पहचान हो जाए, कि उसकी जाति क्या है ? यदि नहीं, तो उसकी जाति गणना का सवाल क्यों उठाया जाता है? यदि जाति की गणना की जाती है, तो उस गणना में विभेद का आधार क्या है?

वाकई हास्यास्पद स्थिति बनती है, कि जब किसी आदमी से पूछा जाता है, कि उसकी जाति क्या है, वह अपनी विशिष्ट जाति बताता है, यदि उससे पूछा जाए, कि इसका प्रमाण क्या है,तब वह बगलें झाँकने लगता है तथा एक ही उत्तर देता है कि स्पष्ट प्रमाण कोई नहीं है। उसे बचपन से ही रटाया गया है कि उसकी अमुक जाति है। यही उसकी पहचान है, इसी से उसका सम्मान है, इसी से उसका अपमान है, इसी से वह अगड़ा है, पिछड़ा है, दलित है, आदिवासी है। जातियों से ही उसकी जीवन क्रियाएं हैं, कुछ दायित्व है, कुछ मर्यादाएं हैं। जातियों के नाम पर ही उसका शोषण है। जातियां हैं, तो जातियों के नायक भी है, खलनायक भी हैं, कुछ जातियां नायकों की बंधुआ भी हैं। कोई मुंगेरीलाल की तरह हसीन सपने देखता है, दिखाता है। जातियों को भरमाता है कि नायक के साथ रहोगे, तो लाभ में रहोगे, यदि अलग हुए, तो कुछ नहीं पाओगे। सुविधाओं के लिए तरसते रह जाओगे। बार बार वह अपना दांव चलाता है, जातियों को अपने जाल में फंसाता है, जातियों के कभी अच्छे दिन नहीं आते।

नजरिया

# बाबा साहब सोए समाज को अहर्निश जगाते रहे



कृष्ण प्रताप सिंह

**बाबा साहब ने देश के कर्णधारों से आग्रह किया था कि वे जितनी जल्दी संभव हो, नागरिकों के बीच आर्थिक व सामाजिक समता लाने के जतन भी शुरू करें। ऐसा न किए जाने पर उन्हें देश में उस लोकतंत्र के ही विफल हो जाने का अंदेशा सता रहा था।**



कई बार किसी शख्सियत की कोई एक छवि लोकमानस में इस कदर बस जाती है कि उसकी दूसरी छवियां तिरस्कृत होकर रह जाती है। अपने देश महात्मा गांधी के साथ भी ऐसा ही है, जिन्हें हम राष्ट्रपिता कहते हैं और डॉ. भीमराव आम्बेडकर के साथ भी, जिन्हें संविधान निर्माता होने का गौरव तो हासिल ही है, बाबासाहेब भी कहा जाता है। बाबा साहब यानी आदरणीय पिता। आज उनके परिनिर्वाण दिवस पर उन्हीं की बात करें तो संविधान निमार्ता की उनकी छवि ने उनके विधिवेत्ता, शिक्षाविद, चिंतक, लेखक/पत्रकार, धर्मशास्त्री व सामाजिक कार्यकर्ता और साथ ही अर्थशास्त्री के रूप में की गई देशसेवाओं व संघर्षों को बरबस अचर्चित रहने को अभिशप्त कर रखा है।

बाबासाहब के सपनों-सरोकारों, नीतियों-सिद्धांतों, नैतिकताओं, उसूलों और चेतावनियों आदि को अपेक्षाकृत बेहतर ढंग से सामने लाने वाले उनके व्यक्तित्व के गैरराजनीतिक पहलुओं की अनदेखी भी हम करते ही रहते हैं। उनकी भारतीयता की उस अवधारणा की भी, जिसके तहत उन्होंने कहा था: 'कुछ लोग कहते हैं कि हम पहले भारतीय हैं, बाद में हिन्दू या मुसलमान। मुझे यह कथन स्वीकार नहीं है। मैं चाहता हूं कि लोग पहले भी भारतीय हों और अंत तक भारतीय रहें। भारतीय के अलावा कुछ भी न हों।' दरअसल, वे चाहते थे कि सारे भारतवासी देश को अपने पंथ से ऊपर रखें, न कि पंथ को देश से ऊपर। इस बात को भी प्रायः भुलाये ही रखा जाता है कि भारतीयता की इस अवधारणा के विकास के लिहाज से अपने बनाए संविधान को लेकर भी वे आत्ममुग्ध नहीं ही थे। न उसे 'अपने सपनों का' मानते थे, न ही 'तीन लोक से न्यारा'। इसके विपरीत उनका मानना था कि यह संविधान कितना भी खराब क्यों न हो, यदि वे लोग, जिन्हें उसको अमल में लाने का काम सौंपा जाये, अच्छे हों तो वह अच्छा सिद्ध होगा और अच्छे फल देगा।

इसी के साथ उन्होंने साफ किया था कि संविधान पर अमल महज उसके स्वरूप पर निर्भर नहीं करता। उन अंतर्विरोधों के समाधान की कोशिशों पर भी निर्भर करता है, संविधान लागू होने के साथ ही देश ने जिनके नये युग में प्रवेश कर लिया है। उनके अनुसार त्नउनके समय मेंत्न सबसे बड़ा अंतर्विरोध यह था कि उनका बनाया संविधान एक ऐसे देश में लागू हो रहा था जिसे उसकी मार्फत नागरिकों की राजनीतिक समता का उद्देश्य तो प्राप्त होने जा रहा था, लेकिन आर्थिक व सामाजिक समता कहीं दूर भी दिखाई नहीं दे पा रही थी।

इसलिए उन्होंने देश के कर्णधारों से आग्रह किया था कि वे जितनी जल्दी संभव हो, नागरिकों के बीच आर्थिक व सामाजिक समता लाने के जतन भी शुरू करें। ऐसा न किए जाने पर उन्हें देश में उस लोकतंत्र के ही विफल हो जाने का अंदेशा सता रहा था, जिसके तहत 'एक व्यक्ति-एक वोट' की व्यवस्था को हर संभव समानता तक ले जाया जाना था। ताकि आर्थिक संसाधनों का ऐसा अहितकारी संकेन्द्रण कतई नहीं हो, जिससे नागरिकों का कोई समूह लगातार शक्तिशाली और कोई समूह लगातार निर्बल होता जाए। हम जानते हैं कि बाबासाहब का कई मायनों में महात्मा गांधी से प्रबल मतभेद था, जिसे वे छिपाते भी नहीं थे। लेकिन एक मायने में दोनों का जबरदस्त मतैक्य था। जैसे महात्मा कहते थे कि उनका जीवन ही उनका संदेश है, बाबासाहब ने भी अपने जीवन को अपना संदेश बना रखा था। इसे यों समझ सकते हैं कि आजादी से पहले 1943 में जब वे वायसराय काउंसिल में भारी-भरकम बजट वाले लोक निर्माण विभाग का काम देखते थे, भ्रष्टाचार के रास्ते बड़ी धनराशियों के ठेके हासिल करना चाह रहे ठेकेदारों की पैरवी करने अपने पास आए अपने बेटे यशवंतराव को भूखे पेट ही राजधानी दिल्ली से मुंबई वापस भेज दिया था। जानकारों के अनुसार ठेकेदारों ने यशवंत को लालच दिया था कि अगर उनके द्वारा अपने पिता से की गई पैरवी के फलस्वरूप उन्हें ठेके मिले तो वे उन्हें अपने धंधे का पार्टनर बना लेंगे और पचास प्रतिशत तक कमीशन देंगे। यशवंत इस पार्टनरशिप और कमीशन के लोभ में आ गए थे और पैरवी के लिए फौरन मुंबई से बाबासाहब से मिलने चल पड़े थे। लेकिन उन्होंने बाबासाहब को सारी बात बताई तो उनकी ओर से उन्हें टका-सा जवाब मिल गया था। यह कि 'यहां (यानी वायसराय काउंसिल में) मेरे सामने एकमात्र समाज के उद्धार का ध्येय है, अपनी संतान पालने का नहीं और कोई भी लोभ या लालच मुझे समाज के उद्धार के मेरे इकलौते ध्येय से डिगा नहीं सकता।'

बाबासाहब छात्र जीवन से ही समझने लगे थे कि उनके कंधों पर अपने सोये हुए समाज को जगाने का गुरुतर दायित्व है। अमेरिका की कोलंबिया यूनिवर्सिटी की लाइब्रेरी में उन्हें दत्त-चित्त होकर कई-कई घंटे लिखाई-पढ़ाई में लगे रहने और कई बार लाइब्रेरी बन्द होने के बाद भी वहां ऐसा कर सकने की अनुमति मांगते देख उसके चपरासी ने एक दिन उनसे पूछा कि क्या वे कभी किसी दोस्त के साथ मौज-मस्ती नहीं करते, तो उनका उत्तर था कि अगर मैं मौजमस्ती करूंगा तो मेरे लोगों का खयाल कौन रखेगा?' आगे चलकर इसी बात को अपने एक साक्षात्कार में उन्होंने इस तरह कहा था कि मैं रात-रात भर इसलिए जागता हूं क्योंकि मेरा समाज सो रहा है। अनंतर, उन्होंने उस समाज को 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' का नारा दिया। शिक्षित होने से उनका तात्पर्य था अज्ञान के पिंजरे से निकलकर अपने और अपने समाज के लिए नये द्वार खोलने में लगना और संगठित होना इस अर्थ में जरूरी था कि संघर्षों के लिए शक्ति प्राप्त करने का और कोई स्रोत नहीं था। अस्पृश्यता के खिलाफ उनके संघर्ष की तो खैर कोई सीमा ही नहीं थी।

# पिंक बॉल टेस्ट के लिए रोहित की वापसी

## बुमराह पर निगाहें, एडिलेड में दूसरा टेस्ट मैच आज से, पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे है टीम इंडिया



● एडिलेड,

**भारत** और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का दूसरा टेस्ट आज सुबह 9:30 बजे से शुरू होगा। यह एक डे-नाइट मैच है, जो एडिलेड में पिंक बॉल से खेला जाएगा। पहला टेस्ट जीतने के बावजूद भारत अपनी प्लेइंग-11 में ऑस्ट्रेलिया से ज्यादा बदलाव करेगा।

कप्तान रोहित शर्मा अपने दूसरे बच्चे के जन्म के बाद टीम के साथ जुड़ चुके हैं। वहीं, शुभमन गिल ने इंजरी से रिकवरी कर ली है। दोनों ही प्लेयर दूसरा टेस्ट खेलेंगे। स्पिन और पेस ऑलराउंडर के रूप में किसे मौका मिलेगा, इस सवाल का जवाब अब तक नहीं मिल सका है। रोहित-शुभमन किसकी जगह लेंगे रोहित शर्मा और शुभमन गिल प्लेइंग-11 के परमानेंट मेंबर्स हैं। दोनों देवदत्त पडिक्कल और ध्रुव जुरेल की जगह लेंगे। पहले टेस्ट में पडिक्कल नंबर-3 और जुरेल नंबर-6 पर उतरे थे। दूसरे टेस्ट में शुभमन नंबर-3 पर खेल सकते हैं। यशस्वी जायसवाल ओपनिंग ही करेंगे। उनका साथ केएल राहुल देंगे। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने प्री-मैच कॉन्फ्रेंस में कहा कि एडिलेड टेस्ट में सलामी जोड़ी में बदलाव की जरूरत नहीं है।' पीएम-11 के खिलाफ प्रैक्टिस मैच में भी रोहित मिडिल ऑर्डर में उतरे थे, जबकि राहुल ने ओपनिंग की थी। रोहित नंबर-5 पर उतर सकते हैं। नंबर-4 पर विराट कोहली और नंबर-6 पर ऋषभ पंत होंगे। नंबर-7 पर अब ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी उतर सकते हैं। वह पहले टेस्ट में नंबर-8 पर उतरे थे। पर्थ में भारत के इकलौते स्पिनर वॉशिंगटन सुंदर थे, हालांकि उन्हें ज्यादा बैटिंग का मौका नहीं मिल सका था। एडिलेड में रविचंद्रन अश्विन का रिकॉर्ड बेहतरीन है, उन्होंने यहां 3 टेस्ट में 16 विकेट लिए हैं। जिनमें 4 बार पारी में 3 या उससे ज्यादा विकेट शामिल हैं। पिछले दौरे पर उन्होंने स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन को पवेलियन भेजा था। वे नेट प्रैक्टिस के दौरान भी बहुत देर तक बॉलिंग करते




नजर आए। अगर टीम मैनेजमेंट ने पिछले रिकॉर्ड पर गौर किया तो अश्विन का खेलना तय है। वे बैटिंग भी कर लेते हैं। अश्विन के अलावा वॉशिंगटन सुंदर और रवींद्र जडेजा के विकल्प हैं। जिस भी प्लेयर को मौका मिलेगा, वह नंबर-8 पर बैटिंग करेगा। पहले टेस्ट में ट्रैविस हेड को बोल्ड करने वाले हर्षित राणा ने प्रैक्टिस मैच में प्रभावित किया। इसलिए उनके खेलने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। नेट प्रैक्टिस में आकाश दीप ने भी बेहतरीन गेंदबाजी की, दोनों ही प्लेयर्स में तीसरा पेसर कौन होगा, इस पर अभी सवाल है। उप कप्तान जसप्रीत बुमराह और सिराज पहले 2 पेसर्स होंगे। वहीं ऑस्ट्रेलिया एक बदलाव करने को मजबूर टीम इंडिया जहां 2 से 3 बदलाव करने वाली है।

### जसप्रीत बुमराह प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए नॉमिनेट

**दुबई, वार्ता** : नवंबर के आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड की रेस में भारत के जसप्रीत बुमराह का नाम जोड़ा गया है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट में 8 विकेट लिए थे। बुमराह के साथ पाकिस्तान के हारिस रऊफ और साउथ अफ्रीका के मार्को यानसेन भी नॉमिनेट हुए हैं। महिला में बांग्लादेश की शरमिन अख्तर, इंग्लैंड की डैनी व्याट-हॉज और साउथ अफ्रीका की नदिन डी क्लार्क को नॉमिनेट किया गया। महिला में तीनों नॉमिनेशन बैटर को हुए, वहीं मेंस में तीनों नॉमिनेशन बॉलर्स को हुए। नवंबर में पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच 3 वनडे और 3 टी-20 की सीरीज खेली गई। 3 वनडे में पाकिस्तान के तेज गेंदबाज ने 10 विकेट लिए थे, जिसकी मदद से टीम ने ऑस्ट्रेलिया में 22 साल बाद वनडे सीरीज जीती थी। तीनों वनडे में रऊफ ने खतरनाक ग्लेन मैक्सवेल को पवेलियन भी लौटाया था। रऊफ वनडे में प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए थे। जिसके बाद उन्होंने 3 टी-20 में भी 5 विकेट लिए थे। यानी नवंबर में उन्होंने 6 मैच में 15 विकेट अपने नाम किए। साउथ अफ्रीका के लेफ्ट आर्म पेसर मार्को यानसेन अवॉर्ड जीतने की रेस में सबसे आगे हैं। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में महज 13 रन देकर 7 विकेट झटक लिए थे।

### मध्य क्रम में बल्लेबाजी करेंगे रोहित शर्मा

**एडिलेड, वार्ता** : भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि शुक्रवार से एडिलेड में शुरु होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पारी की शुरुआत और वह मध्यक्रम में बल्लेबाजी करने उतरेंगे। मैच से पहले गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में रोहित ने कहा कि वह पारी की शुरुआत नहीं करेंगे। उन्होंने कहा मैं मध्यक्रम में बल्लेबाजी करूंगा। मध्य क्रम में अपनी बल्लेबाजी को लेकर रोहित ने कहा कि यह एक अभ्यास मैच था। इसी कारण से हमने अधिक कुछ सोचे बिना, अपना खेल आगे बढ़ाना चाह रहे थे। पहले से ही एक दिन बारिश के कारण धुल चुका था। हम चाह रहे थे कि हमें थोड़ा गेम टाइम मिले। हम मैच के डिटेल के बारे में अधिक कुछ नहीं सोच रहे थे। हमने गुलाबी गेंद के साथ अधिक नहीं खेला है तो हम चाह रहे थे कि हमें इस गेंद के साथ खेलने का अवसर मिले। रोहित ने राहुल की अनुकूलन क्षमता की प्रशंसा करते हुए कहा कि राहुल ने दबाव में शानदार प्रदर्शन किया। उनकी पारी ने हमें वह स्थिरता दी जिसकी हमें जरूरत थी। जायसवाल के प्रदर्शन पर रोहित ने कहा कि जायसवाल की पारी ने उनकी उम्र से कहीं अधिक परिपक्वता दिखाई।

## बड़ौदा ने टी-20 में 349 रन बनाकर रचा नया इतिहास

● इंदौर,

**क्रुणाल** पंड्या की अगुवाई वाली बड़ौदा की टीम ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में सिक्किम के खिलाफ टी-20 मुकाबले में रिकॉर्ड 349 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर नया इतिहास रच दिया है।

इस पारी के साथ बड़ौदा की टीम ने जिम्बाब्वे के 344 रनों का रिकॉर्ड तोड़ते हुए टी-20 में सबसे बड़ा टीम स्कोर बनाने का नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। बड़ौदा की टीम के लिए भानु पनिया ने सबसे अधिक 51 गेंदों पर (नाबाद 134) रनों की पारी खेली। इसके अलावा शिवालिक शर्मा (17 गेंदों में 53 रन), अभिमन्यु सिंह (17 गेंदों में 55 रन), और विष्णु सोलंकी (16 गेंदों में 50 रन) ने तेज अर्धशतक लगाए। शश्वत रावत (43) और महेश पीठिया (आठ) रन बनाकर आउट हुये। इस मैच में बड़ौदा ने अपनी पारी में रिकॉर्ड 37 छक्के लगाए। यह टी-20 इतिहास में किसी एक पारी में सबसे अधिक छक्के का रिकॉर्ड हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड जिम्बाब्वे के नाम था, जिसने गाम्बिया के खिलाफ 27 छक्के लगाये थे। कुल 37 छक्के किसी मैच की दोनों पारियों में मिलाकर



**भानु पनिया ने 51 गेंदों पर खेली (नाबाद 134) रनों की पारी**


पांचवें सबसे बड़ा आंकड़ा हैं। बड़ौदा के इस प्रदर्शन के बाद सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के ग्रुप बी में नॉकआउट की रेस और भी दिलचस्प हो गई है। ग्रुप में तीन टीमें 20 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं, लेकिन बड़ौदा का यह स्कोर उनके नेट रन रेट को काफी बेहतर कर सकता है, इससे अंक तालिका में उसकी स्थिति मजबूत हो जाएगी।

## भुवनवेश्वर की हैट्रिक से जीता यूपी

### सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी उत्तर प्रदेश ने झारखंड को 10 रन दी शिकस्त

**मुंबई, वार्ता** : कप्तान भुवनवेश्वर कुमार की हैट्रिक की बदौलत गुरुवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के ग्रुप सी के मुकाबले में उत्तर प्रदेश ने झारखंड को 10 रन से शिकस्त दे दी।

उत्तर प्रदेश के 160 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी झारखंड की टीम ने तीन विकेट सस्ते में गंवा दिए। उत्कर्ष सिंह (01), इशान किशन (08) और कुमार कुशाग्र (09) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद विराट सिंह और अनुकूल रॉय ने पारी संभालने का प्रयास किया। विकास सिंह (23) रन बनाकर आउट हुये। अनुकूल रॉय ने 44 गेंदों में आठ चौके और सात छक्के लगाते हए 91 रनों की पारी खेली। जब तक अनुकूल क्रीज पर थे तब तक लग रहा था कि यहां से झारखंड यह मैच निकाल लेगा। मोहसिन खान ने जब




उनको आउट किया तब भी झारखंड मैच में बना हुआ था। 16वें ओवर में झारखंड की टीम ने 116 रन बना लिए थे। 17वें ओर में भुवनेश्वर ने पहले मिंज (11) को आउट किया। इसके बाद उन्होंने अगली दो गेंद पर बालाकृष्णा और विवेकानंद तिवारी को आउट कर हैट्रिक पूरी की और झारखंड को मैच से पूरी तरह से बाहर कर दिया। उत्तर प्रदेश के गेंदबाजों ने झारखंड की टीम को 19.5 ओवर में 150 पर समेटकर 10 रन से मुकाबला जीत लिया। उत्तर प्रदेश के लिए भुवनेश्वर ने चार ओवर में छह रन देकर तीन विकेट लिये। नीतीश राणा और मोहसिन खान ने दो-दो विकेट लिये। विनीत पनवर, विपराज निगम और शिवम मावी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले झारखंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। उत्तर प्रदेश की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 160 रन बनाए। रिंकू सिंह ने 45 रन, प्रियम गर्ग (31) और समीर रिजवी (24)रन ने अहम योगदान दिया। झारखंड की ओर से बाल कृष्णन ने तीन विकेट लिये। विवेकानंद तिवारी को दो विकेट मिले। अनुकूल रॉय, विकास सिंह और विकास कुमार ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## पहले वनडे में जीती ऑस्ट्रेलियाई टीम

### मेगन शूट ने खोला पंजा, भारतीय महिला टीम को पांच विकेट से हराया

● ब्रिसबेन,

**मेगन** शूट (पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद जॉर्जिया वॉल (नाबाद 46) और फीबी लिचफील्ड (35) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने पहले एकदिवसीय मुकाबले में भारतीय टीम को पांच विकेट से हरा दिया है।

100 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की जॉर्जिया वॉल और फीबी लिचफील्ड की सलामी जोड़ी ने अपनी टीम को अच्छी शुरुआत दिलाते हुए पहले विकेट के लिये 48 रन जोड़े। सातवें ओवर में रेणुका सिंह ने फीबी लिचफील्ड (35) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद नौवें ओवर में रेणुका ने एलिस पेरी (01 ), बेथ मूनी (01 ) को आउट कर भारत को वापसी की उम्मीद जताई। ऐनाबेल सदरलैंड (6) और एश्ली गार्डनर (08) को प्रिया मिश्रा ने आउट




किया। ऑस्ट्रेलिया ने 16.2 ओवर में पांच विकेट पर 102 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया। मेगन शॅट को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। भारत की ओर से रेणुका सिंह ने तीन विकेट लिये। प्रिया मिश्रा ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। इससे पहले भारतीय महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही और उसने महज 19 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। स्मृति मंधाना (08) और प्रिया पुनिया (03) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद हरलीन देओल और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पारी को संभलाने का प्रयास किया। 12वें ओवर में एश्ली गार्डनर ने हरलीन देओन (19) रन को आउट कर भारत को तीसरा झटका दिया। इसके बाद सदरलैंड ने कप्तान हरमनप्रीत कौर (17) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। जेमिमाह रॉड्रिग्स (23) और ऋचा घोष (14) रन बनाकर आउट हुई। शेष कोई भी बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे नहीं टिक सका। सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके।

भारत की पूरी टीम 34.2ओवर में 100 के स्कोर पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मेगन शूट ने पांच विकेट लिये। किम गार्थ, एश्ली गार्डनर,ऐनाबेल सदरलैंड और अलाना किंग ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## आयरलैंड की महिला टीम ने बांग्लादेश को दी शिकस्त

**सिलहट, वार्ता** : कप्तान गैबी लुईस (60),ली पॉल (नाबाद 79) की शानदार पारियों के बाद ऑर्ला प्रेंडरगस्ट और आर्लीन केली (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत आयरलैंड की महिला टीम ने गुरुवार को पहले टी-20 मुकाबले में बांग्लादेश को 12 रनों से शिकस्त दी। 170 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश के लिए दिलारा अख्तर और शोभना मोस्तारी की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 103 रन जोड़े। 12वें ओवर में ऑर्ला प्रेंडरगस्ट ने शोभना मोस्तारी (46) को आउट कर आयरलैंड को पहली सफलता दिलाई। 14वें ओवर मे आर्लीन केली ने कप्तान निगार सुल्ताना (04) को अपना शिकार बनाया। इसी ओवर में केली ने दिलारा अख्तर (49) को भी आउट कर दिया। एमी मग्वायर की गेंद पर एमी हंटर ने ताज नेहर (19) को स्टंप कर पवेलियन भेज दिया। 17 ओवर में बांग्लादेश के पांच विकेट पर 152 रन थे, लेकिन आयरलैंड के गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए बांग्लादेश को निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 157 के स्कोर पर रोक कर मुकाबला 12 रनों से जीत लिया। आयरलैंड की ओर से ऑर्ला प्रेंडरगस्ट और आर्लीन केली ने तीन-तीन विकेट लिये। एमी मग्वायर ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आयरलैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और तीसरे ही ओवर में जहांआरा आलम ने एमी हंटर (10) को आउटकर पवेलियन भेज दिया।

## सार संक्षेप

### झारखंड और मप्र के बीच होगा खिताबी मुकाबला

**सिकंदराबाद** : 14वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 के गुरुवार को खेले गये सेमीफाइनल मुकाबलों में झारखंड ने ओडिशा तथा मध्य प्रदेश ने मिजोरम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दक्षिण मध्य रेलवे स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, आरआरसी ग्राउंड, रेल निलयम में आयोजित चैंपियनशिप के पहले सेमीफाइनल में मध्य प्रदेश ने हॉकी मिजोरम को 3-2 से हराया। हालांकि रूथी लाललामजुअली ने (तीसरे मिनट) में मिजोरम को शुरुआती बढ़त दिलाई, लेकिन मध्य प्रदेश ने नाज नौशीन ने (13वें) और रूबी राठौर ने (32वें) मिनट में के गोल से बढ़त हासिल कर ली। कप्तान लालतलांचुंगी ने (52वें मिनट) में चौथे क्वार्टर में मिजोरम के लिए बराबरी का गोल किया। इसके बाद तन्वी ने (56वें मिनट) आखिरी क्षणों में गोल कर मध्य प्रदेश को फाइनल में पहुंचा दिया।

### जय शाह ने किया आईसीसी मुख्यालय का दौरा

**दुबई** : अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष जय शाह ने गुरुवार को पहली बार आईसीसी मुख्यालय का दौरा कर बोर्ड के निदेशकों और कर्मचारियों से मुलाकात की। शाह ने आईसीसी मुख्यलाय के दौरे के बाद कहा कि इस दौरे से आईसीसी बोर्ड में मेरे सहयोगियों से जुड़ने का एक अमूल्य अवसर मिला। इस दौरान हमने खेल के भविष्य को आकार देने के लिए प्रारंभिक रोडमैप और रणनीतियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए पर्दे के पीछे अथक परिश्रम करने वाली समर्पित आईसीसी टीम से मिलकर मुझे खुशी हुई। आईसीसी के उपाध्यक्ष इमरान ख्वाजा ने भी खेल के लिए शाह की महत्वाकांक्षी दृष्टि की सराहना की। ख्वाजा ने कहा कि बोर्ड की ओर से मैं जय शाह का इस पद पर स्वागत करता हूं और उनके कार्यकाल के लिए अपना उत्साह साझा करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि शाह की महत्वाकांक्षा और अनुभव आईसीसी और खेल को भविष्य में मार्गदर्शन करने में सहायक होंगे। हम सफलता प्राप्त करने में उनके, सदस्यों और आईसीसी टीम के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं।

### गुजरात ने कर्नाटक को हराया

**इंदौर** : आर्य देसाई (76) और कप्तान अक्षर पटेल (नाबाद 56) की अर्धशतकीय पारियों के बाद रवि बिश्नोई (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर गुजरात ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी ग्रुप बी के मुकाबले में कर्नाटक को 48 रनों से शिकस्त दी। रवि बिश्नाई सहित गुजरात के अन्य गेंदबाजों ने 252 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कर्नाटक को 19.1 ओवर में 203 रनों पर समेट कर मुकाबला 48 रनों से जीत लिया। कर्नाटक के लिए कप्तान मयंक अग्रवाल ने (45), आर स्मरण (49), मनीष पांडे (30), कृष्णन श्रीजीत (26), मक्नील नोरोन्हा (14) और मानवंत कुमार (13) रन बनाकर आउट हुये। गुजरात की ओर से रवि बिश्नाई ने तीन विकेट लिये। अक्षर पटेल और अरजान नागवासवाला को दो-दो विकेट मिले। विशाल जायसवाल और अभिषेक देसाई ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले यहां टॉस जीतकर कर्नाटक ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 251 रन का स्कोर खड़ा किया। आर्य देसाई (76), अभिषेक देसाई (47), उर्विल पटेल (33) और हेमांग पटेल (30)रन बनाकर आउट हुये। कप्तान अक्षर पटेल (56)रन बनाकर नाबाद रहे। कर्नाटक की ओर से वासुकी कौशिक और मनोज भंडागे ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया।

### न्यूजीलैंड और इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट के लिए टीम घोषित की

**वेलिंगटन** : न्यूजीलैंड और इंग्लैंड ने गुरुवार को आज से शुरु होने वाले दूसरे टेस्ट मैच के लिए अपनी-अपनी टीमों की घोषणा कर दी है। दूसरे टेस्ट मैच से पहले गुरुवार को न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लेथम ने गुरुवार को कहा कि हमने जिस संतुलन के साथ मैदान में उतरे हैं, वह इस विकेट के लिए सही है और हमारे पास शीर्ष सात में कुछ स्पिन विकल्प भी हैं। उन्होंने कहा कि हमें लगता है कि यह सही एकादश है और खिलाड़ी चुनौती के लिए तैयार हैं। पिछले 47 टेस्ट मैचों में यह तीसरी बार है जब न्यूजीलैंड ने बिना किसी बदलाव के टेस्ट एकादश का चयन किया है। इंग्लैंड ने भी बिना किसी बदलाव के पिछली टीम को मैदान में उतराने का फैसला किया है। न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच शुक्रवार को दूसरे टेस्ट खेला जाना हैं। न्यूजीलैंड एकादशः टॉम लेथम (कप्तान), डेवोन कॉनवे, केन विलियमसन, रचिन रवींद्र, डेरिल मिशेल, टॉम ब्लंडेल (विकेट कीपर), ग्लेन फिलिप्स, नाथन स्मिथ, टिम साउथी, मैट हेनरी और विलियम ओ'रूर्के। इंग्लैंड एकादशः जैक क्रॉली, बेन डकेट, जैकब बेथेल, जो रूट, हैरी ब्रुक, ओली पोप (विकेट कीपर), बेन स्टोक्स (कप्तान), क्रिस वोक्स और गस एटकिंसन।

### पंजाब ने मेघालय को हराया

**राजकोट** : कप्तान अभिषेक शर्मा (24 रन देकर दो विकेट) के बाद (नाबाद 106) रनों की तूफानी पारी के दम पर पंजाब ने ग्रुप ए के मुकाबले में मेघालय को 63 गेंदे शेष रहते सात विकेट से करारी शिकस्त दी। 143 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब के लिए हरनूर सिंह के साथ सलामी बल्लेबाज के रूप में मैदान पर उतरे अभिषेक ने आतिशी बल्लेबाजी करते हुए 29 गेंद में नाबाद 106 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में आठ चौके और 11 छक्के लगाये। पंजाब ने अभिषेक की इस आक्रामक पारी की बदौलत 9.3 ओवर में ही तीन विकेट पर 144 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला अपने नाम किया। हरनूर सिंह (06),सलील अरोड़ा (01) और सोहराब धालीवाल (22) रन बनाकर आउट हुये। मेघालय की ओर से आकाश चौधरी, आर्यन बोरा और हिमान फुकन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### सीआईएसएफ ने यूनाइटेड भारत को 4-1 से हराया

**नई दिल्ली** : डीएसए प्रीमियर लीग में यहां अम्बेडकर स्टेडियम पर खेले गए मैच में सी आई एस एफ प्रोन्टैक्टर ने यूनाइटेड भारत फुटबॉल क्लब को 4-1 से हरा कर अंक तालिका में मजबूत बढ़त बना ली है। सीआईएसएफ की ओर से मोहम्मद इमरान ने 18वें और 81वें मिनट में दो गोल दागे। उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। प्रताप और साहिल ने दो अन्य गोल बांटे। पराजित यूनाइटेड भारत को सांत्वना गोल विजेता टीम के मुनीश की आत्मघाती कोशिश पर मिला। अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंची सी आई एस एफ का खेल पर शुरू से ही दबदबा रहा। इमरान, प्रताप और साहिल ने कई अच्छे मौके गंवाए वरना जीत का अंतर बड़ा हो सकता था। यूनाइटेड भारत के खिलाड़ी फ्रेंड्स यूनाइटेड के साथ हुए हादसे के बाद पूरी रंगत में नजर नहीं आए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)

CMYK